दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, सोमवार 14 दिसंबर 2020, अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-280 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थापना दिवस की 20वीं वर्षगांठ पर विशेष

छत्तीसगढ़ विधानसभा की गौरवपूर्ण संसदीय यात्रा

लेखक
डॉ. चरणदास महंत
छत्तीसगढ़ विधान सभा

विधानसभा स्थापना दिवस के अवसर पर आप सभी को मेरी और से हार्दिक शुभकामनाएं 14 दिसंबर 2020 छत्तीसगढ़ विधानसभा की 20वीं वर्षगांठ है। इन दो दशकों की संसदीय यात्रा में छत्तीसगढ़ विधानसभा ने सफलता और सम्मान के अनेक कीर्तिमानों को स्पर्श किया है। किसी भी संस्था के लिए उसकी स्थापना की वर्षगांठ उसके लिए अवसर होता है। अपने संपादित कार्यों के निष्पक्ष विश्लेषण का और भविष्य की संभावित चुनौतियों के लिए स्वयं को सक्षम बनाने हेतु नूतन नवाचारों को अपनाने का। यह राज्य के लिए उपलब्धि का विषय हैं कि विगत 20 वर्षों में छत्तीसगढ़ विधानसभा की संसदीय यात्रा का प्रत्येक पृष्ठ हमें गौरव की अनुभूति देता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा की गौरवपूर्ण संसदीय यात्रा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए ही नहीं अपितु देश के लिए एक मिसाल है। प्रथम विधान सभा के कार्यकाल में स्वमेव निलंबन जैसे आत्मानुशासन को प्रदर्शित करने वाला महत्वकांक्षी निर्णय जिसके कारण छत्तीसगढ़ विधान सभा को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय संसदीय परिदृश्य में एक अलग पहचान मिली। छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा सृजित संसदीय मूल्यों के संवर्धन की दृष्टि से अपनाये गये इस नवाचार पहल और नियम को संसदीय व्यवस्था एवं सदन की मर्यादा संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर भी कहा जाने लगा है, संसदीय मूल्यों, परम्पराओं और प्रक्रियाओं पर विश्वास रखने वाले प्रत्येक निकायों के लिए यह नियम मार्गदर्शी सिद्धांत की तरह हैं। द्वितीय

विधान सभा के कार्यकाल में तत्कालीन राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का विधान सभा आगमन और माननीय सदस्यों को संबोधन साथ ही सिमित संसाधन और स्टॉफ के बावजूद अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों और विधायी निकायों के सचिवों के सम्मेलन के कठिन आयोजन की चुनौती का कुशलता से सामना किया जिससे सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ, इस कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। तृतीय विधान सभा के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विधान सभा में चतुर्थ एशिया इण्डिया रिजन, राष्ट्रकुल संसदीय संघ सम्मेलन का आयोजन एवं तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी पाटिल जी का विधान सभा आगमन चतुर्थ विधान सभा के कार्यकाल में माननीय लोकसभा अध्यक्ष सहित अनेक महान संसदविज्ञों का आगमन एवं मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ विधान सभा के कार्यकाल की उपलब्धियों के सुनहरे पृष्ठ हैं। छत्तीसगढ़ की वर्तमान विधान सभा पांचवी विधान सभा है।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

कोरोना की वैक्सीन बनाने में जुटे वैज्ञानिकों ने कहा है कि यह वैक्सीन शराबियों के लिए कारगर नहीं होगी। बशर्ते वे दो महीने तक दारू ना पिएं। बहुत बेइंसापी है ये बेवड़ों के साथ कम्बख्त छूटती है कहीं मुंहकी लगी हुई? वैज्ञानिकों को चाहिए कि वह बेवड़ों के लिए अलग वैक्सीन बनाए और पहले बनाए। इन पियक्कड़ों ने ही कोरोना काल में अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। यह ठीक है कि बेचारे बेवड़े अपने अधिकार के लिए कभी आंदोलन नहीं करते लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उन्हें उपेक्षित किया जाए। सरकार याद रखें दारूबाजों का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान।

भूपेश सरकार के दो साल पूरे होने पर बलरामपुर से सुकमा तक दौड़ा पूरा छत्तीसगढ़

सोशल मीडिया पर छाया रहा छग का वर्चुअल मैराथन 1 लाख से ज्यादा लोगों ने लगाई दौड़

■ देश में दिनभर ट्रेंड करता रहा रन विथ छत्तीसगढ़

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के 2 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित वर्चुअल मैराथन में आज एक लाख से ज्यादा लोगों ने दौड़ लगाई। बलरामपुर से सुकमा तक सभी 28 जिलों के लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल भी इस आयोजन में शामिल हुए। इस मैराथन के लिए सुबह 6 बजे से 11 बजे तक का समय तय किया गया था, समय-सीमा बीतने के बाद भी मैराथन जारी था।

वर्चुअल मैराथन का आयोजन

कोरोना की परिस्थितियों को देखते हुए राज्य के खेल एवं युवा कल्याण तथा जनसंपर्क विभाग ने इस खास तरह के मैराथन का आयोजन किया था। आम-तौर पर आयोजित किए जाने वाले मैराथन से अलग इस वर्चुअल मैराथन में कोरोना-काल की सावधानियों को देखते हुए प्रतिभागियों को कोविडकाल के नियमों का पालन करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी दौड़ती हुई तस्वीर या वीडियो अपलोड करनी थी।

फेसबुक और ट्वीटर करता ट्रेंड

आयोजन की थीम - 'बात हे अभिमान के, छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के '- तय की गई थी। तस्वीरें और वीडियो हैशटैग के साथ अपलोड करने की अपील की गई थी। फेसबुक और ट्वीटर पर यह हैशटैग दिनभर ट्रेंड करता रहा। आयोजन में शामिल होने के लिए 71 हजार लोगों ने पंजीयन कराया था, लेकिन सुबह 11 बजे तक एक लाख से अधिक लोग इस आयोजन में शामिल हो चुके थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज सुबह की शुरुआत इस वर्चुअल-मैराथन में शामिल होकर की। उन्होंने खास टीशर्ट के साथ दौड़ते हुए अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की। उन्होंने कहा मेरे साथ छत्तीसगढ़ की जनता और छत्तीसगढ़ का स्वाभिमान दौड़ रहा है, आप भी दौड़ें।

आम जनता, किसानों, आदिवासियों का सशक्तिकरण छत्तीसगढ़ मॉडल की विशेषता: सीएम भूपेश बघेल

■ छत्तीसगढ़ सरकार दो वर्ष का कार्यकाल विषय पर की चर्चा

■ मुख्यमंत्री लोकवाणी की 13वीं कड़ी में रू-ब-रू हुए प्रदेशवासियों से

■ जनता की भावनाओं, आकांक्षाओं, उम्मीदों के अनुरूप शासन और प्रशासन को बनाया संवेदनशील

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रसारित मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 13 वीं कड़ी में इस बार 'छत्तीसगढ़ सरकार दो वर्ष का कार्यकाल' विषय पर प्रदेशवासियों से बात की। मुख्यमंत्री ने रेडियो वार्ता में कहा कि आम जनता, किसानों, आदिवासियों और कमजोर तबकों का सशक्तिकरण छत्तीसगढ़ के विकास मॉडल की प्रमुख विशेषता है। दो वर्षों में जनता की भावनाओं, आकांक्षाओं, उम्मीदों को आत्मसात कर शासन और प्रशासन को समाधान के विषयों में संवेदनशील बनाने का राज्य सरकार ने प्रयास किया।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों के साथ कमजोर वर्गों को न्याय दिलाना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी में कहा कि किसानों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय दिलाना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। आज भी अगर कहीं से अन्याय की एक चिंगारी भी हमारे छत्तीसगढ़ का रूख करती है तो हम किसानों के साथ खड़े हो जाते हैं। विगत माह किसान हित में छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित होना और उसमें मण्डी कानून संशोधन विधेयक पारित होना छत्तीसगढ़ की इसी चेतना का परिणाम है। चाहे कर्ज माफ़ी हो या समर्थन मूल्य पर धान का भुगतान हो, नरवा-गरवा-घुरवा-बारी को बचाने की बात हो, सुराजी गांव योजना से हमारे गांवों को निरंतर मिल रही शक्ति की बात हो, राजीव गांधी किसान न्याय योजना हो, सस्ती या निःशुल्क बिजली देने का विषय हो, रोका-छेका की बात हो, हमने उन सारे पहलुओं पर ध्यान दिया है, जो तत्काल किसान और ग्रामीण हित में आवश्यक थे।

आम जनता का सशक्तीकरण हमारे विकास मॉडल की

मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में कहा कि मोटे तौर पर देखें तो आम जनता का सशक्तीकरण, किसानों, आदिवासियों और कमजोर तबकों को ताकत देना हमारे विकास मॉडल की मुख्य विशेषता है। आज छत्तीसगढ़ को नई आशाओं का गढ़, देश का नया विश्वास जैसी इबारतों से नवाजा जाता है, तो इसकी वजह भी प्रदेशवासियों की दृढ़ इच्छा शक्ति है, अतः मैं प्रदेशवासियों को बारम्बार नमन करता हूं।

दो वर्षों में हुआ 15 हजार करोड़ रूपए का पूंजी निवेश

लोकवाणी में उद्योग और व्यापार जगत के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में उठाए गए कदमों, योजनाओं के असर के बारे में कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर परवानी, स्पंज आयरन एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अनिल नचरानी, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स के श्री महेन्द्र मुकीम ने भी अपने विचार साझा किया। इसी तरह तृतीय लिंग समुदाय की डॉक्टर विद्या राजपूत ने उद्योग नीति, तृतीय लिंग व्यक्तियों के लिए अनुकम्पा और खेल नीति में किए गए प्रावधानों का उल्लेख किया।

खास- खबर

पुंछ मुठभेड़ में दो पाक आतंकवादी ढेर

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मुगल रोड के नजदीक रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के एक समूह के बीच चल रही मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर हो गए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने बताया कि पुंछ जिले के पोशाना में जारी मुठभेड़ में दोनों पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। इससे पहले श्री सिंह ने कहा कि पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के एक समूह के साथ पुंछ जिले में मुगल रोड के नजदीक मुठभेड़ चल रही है। श्री सिंह ने यूनीवार्ता को बताया कि यह मुठभेड़ पुंछ जिले के दुगरान पोशाना इलाके में शुरू हुई है। उन्होंने कहा, तीन दिन पहले आतंकवादियों के एक समूह ने पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ की और वह शोपियां की ओर जा रहे थे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कोरोना पॉजिटिव

दिल्ली(वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने रविवार को खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही नड्डा ने पिछले कुछ दिनों से उनके संपर्क में आए लोगों से खुद को आइसोलेट कर अपनी जांच करवाने को कहा है। उन्होंने ट्वीट में लिखा, कोरोना के शुरुआती लक्षण दिखने पर मैंने टेस्ट करवाया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मेरी तबीयत ठीक है, डॉक्टर्स की सलाह पर होम आइसोलेशन में सभी दिशा-निर्देशो का पालन कर रहा हूँ। मेरा अनुरोध है, जो भी लोग गत कुछ दिनों में संपर्क में आयें हैं, कृपया स्वयं को आइसोलेट कर अपनी जाँच करवाएं। कोरोना के शुरूआती लक्षण दिखने पर मैंने टेस्ट करवाया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

भारत-अमेरिका संबंध पर विदेश मंत्री जयशंकर बोले

भारत को बाइडन प्रशासन के साथ गंभीर चर्चा की उम्मीद

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत और ट्रंप प्रशासन के बीच व्यापार मुद्दों पर काफी गंभीर बातचीत हुई थी और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि बाइडन प्रशासन के साथ भी इन मसलों पर गंभीर चर्चा होगी। विदेश मंत्री ने कहा कि अभी तक हुई बातचीत के दौरान किसी बड़ी सहमति तक पहुंचने से पहले ''मतभेदों को दूर करने पर जोर दिया गया।

जयशंकर ने उद्योग संगठन फिक्की के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मोटेतौर पर एक ''पूरक की तरह है और दोनों पक्षों के बीच कोई भी बुनियादी टकराव नहीं है, हालांकि कुछ क्षेत्रों में अड़चनें हैं।

उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार और ट्रंप प्रशासन के बीच व्यापार मुद्दों को हल करने पर काफी गंभीर बातचीत हुई। मुझे लगता है कि दोनों पक्षों की आम सोच थी - चलो कुछ बड़ा करने से पहले मतभेदों से निपटें। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर काफी चर्चाएं हुई हैं।' उन्होंने कहा, 'कई कारणों से, वे इसे पूरा नहीं कर सके। मैं आपको अपनी तरफ से बता सकता हूं कि हम गंभीर थे। हम उन मुद्दों का समाधान चाहते थे, क्योंकि हमें लगा कि हमारे रिश्तों में कुछ बहुत बड़ा होने वाला है। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।' उन्होंने कहा, 'इस तरह की चर्चाओं में दिक्कत यह है कि यदि आप समझौते को अंजाम तक नहीं पहुंचाते, तो यह समझौता ही नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'हमने एक बहुत ही गंभीर प्रयास किया, हालांकि यह इस साल पूरा नहीं हो सका। मुझे विश्वास है कि बुनियादी रूप से अमेरिका एक पूरक अर्थव्यवस्था है।' विदेश मंत्री ने आगे कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि एक बार फिर (बाइडन) प्रशासन में हम गंभीर चर्चा करेंगे। मुझे पता है कि हमारे मंत्री इस पर बहुत ध्यान दे रहे हैं, और उनके एजेंडे में यह बेहद महत्वपूर्ण है।''

किसानों का आंदोलन तेज होगा, आज भूख हड़ताल भी करेंगे

नई दिल्ली (वार्ता)। कृषि सुधार कानूनों के विरोध में सोमवार को किसान संगठन आंदोलन तेज करेंगे तथा सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए भूख हड़ताल करेंगे।

किसान नेता सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक भूख हड़ताल करेंगे। यह अनशन राजधानी के गाजीपुर, टीकरी, सिंघु सीमा तथा कुछ अन्य स्थानों पर किया जाएगा। किसान संगठन तीन कृषि सुधार कानूनों को रद्द करने पर अड़े हैं । शनिवार को किसान संगठनों ने आंदोलन तेज कर दिया जबकि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर बातचीत का दबाव बढ़ा दिया। किसान संगठनों ने देश में अनेक स्थानों पर टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करके कर वसूली को बाधित किया। किसानों के कई जत्थे अलग-अलग राज्यों से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। श्री चौटाला ने कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात के बाद कहा कि सरकार किसान संगठनों के साथ 48 घंटे में अगले दौर की बातचीत शुरू करेगी । सरकार ने किसान संगठनों को कृषि सुधार कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव दिया था जिसे खारिज कर दिया गया था और आंदोलन तेज करने की धमकी दी गई थी। श्री तोमर ने किसानों से आंदोलन समाप्त कर बातचीत से समस्या का समाधान करने की अपील की है।

किसान नेताओं से मिले कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे उत्तराखंड के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के आवास पर उनसे मुलाकात की है। किसानों से मुलाकात के बाद कृषि मंत्री ने कहा कि 'उनको (विपक्ष) विरोध करना है और देश को गुमराह करना है। उन्होंने धारा 370 को हटाने का भी विरोध किया था, राम मंदिर का भी और सीएए का भी।' किसान आंदोलन के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को बड़ा ऐलान किया।

केंद्र सरकार किसान संगठनों से सकारात्मक बातचीत की कर रही है कोशिश-चौधरी

केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने विपक्ष पर किसानों को भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा है कि केंद्र सरकार एक बार फिर किसान संगठनों से सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण बातचीत की कोशिश कर रही है। श्री चौधरी ने आज विश्वास दिलाते हुए कहा कि किसानों की माली हालत सुधारने के लिए पीएम-किसान सम्मान निधि योजना शुरू करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनका अहित करना तो दूर, ऐसा कभी सोच भी नहीं सकते। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक बार फिर से किसान संगठनों से सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण बातचीत की कोशिश में है।

सभ्य मानवीय समाज के लिए आतंकवाद सबसे बड़ा खतरा: नायडू

नई दिल्ली (वार्ता)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने रविवार को कहा कि आतंकवाद वैयक्तिक स्वतंत्रता, वैश्विक आर्थिक विकास और लोकतंत्र जैसी सभ्य मानवीय समाज की आस्थाओं के लिए सबसे गम्भीर खतरा है। श्री नायडू ने वर्ष 2001 में संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट फेसबुक पर एक संदेश में कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है और लोकतंत्र के लिए आतंकवाद सबसे बड़ा खतरा है। इससे पहले वह इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में संसद भवन परिसर गए और वहां शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले से हमारे लोकतंत्र के मंदिर की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीरों को शत-शत नमन। ये दिन याद दिलाता है कि आतंकवाद लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंक समर्थक देशों के विरुद्ध विश्व समुदाय को एकजुट होना चाहिए।श्री नायडू ने कहा, ÷ 13 दिसम्बर का दिन हमको आतंकवाद के भयावह खतरों के प्रति आगाह करता है, हमारी लोकतान्त्रिक आस्थाओं और आर्थिक विकास के लिए हमारी आकांक्षाओं के खिलाफ आतंकवाद के खतरों के प्रति हमें चेताता है। बीस साल पहले आज ही के दिन, हमारे एक पड़ोसी द्वारा समर्थित, प्रशिक्षित आतंकियों के दल ने दिन दहाड़े भारत के लोकतंत्र के मंदिर पर हमला किया था। इस हमले से विश्व जगत हिल गया था।

संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी कार्यक्रम को उपराष्ट्रपति ने किया संबोधित

किसानों के जीवन स्तर को सुधारेगा कृषि बिल : सांसद सरोज

टुकड़े टुकड़े के नारे लगाने वाले लोगों का आंदोलन में घुसना देश की सुरक्षा के लिए खतरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने आज किसान आंदोलन लेकर विपक्षी दलों समेत टुकड़े टुकड़े के नारे लगाने वालों पर बड़ा हमला बोला। सरोज ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह आंदोलन सोची.समझी साजिश के तहत हो रहा है। विपक्षी दल ऐसे लोगों के साथ खड़ा है जो टुकड़े.टुकड़े के नारे लगा रहे हैं। आंदोलन स्थल पर जिस तरह के नारे लग रहे हैं और घटनाक्रम घटित हो रहा है उससे साफ जाहिर है कि बात कुछ हो रही है और मंशा कुछ और है। सरोज ने कहा कि आंदोलन स्थल पर आतंकियों को छोड़ने की मांग करने, पाकिस्तान के समर्थन की आवाजें उठने, पीएम की हत्या की बातें करने, खालिस्तान समर्थन के नारे लगाने से स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि यह आंदोलन गहरी साजिश का हिस्सा है। किसान आंदोलन में ऐसे तत्व घुस आए हैं जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। आंदोलन में लेफ्ट माओवादी घुस आए हैं और ये लोग इस आंदोलन को बदनाम

करने के साथ ही किसानों को गुमराह कर रहे हैं। साफ संकेत मिल रहे हैं कि आंदोलन में ऐसे तत्व घुस गए हैं जिनका उद्देश्य देश में अराजकता फैलाने और सरकार को बदनाम करने के सिवा कुछ नहीं है। सरोज ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि जब संसद में कृषि बिल पर चर्चा हो रही थी उस समय कांग्रेस पार्टी ने सदन का बहिस्कार कर दिया था। लोकसभा और राज्यसभा में बिल पारित होने और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून बनने तक पूरे देश में किसान शांत रहे। सदन में चर्चा और बहस के बाद कृषि कानून बनाए हैं जिसका पूरे देश में स्वागत हुआ है। कानून बनने के काफी समय बाद अचानक कृषि कानूनों का विरोध शुरू होना सोची समझी साजिश का हिस्सा है। चंद किसानों को सामने रखकर मोदी सरकार को घेरने आंदोलन की साजिश रची गई। कृषि कानून का विरोध केवल पंजाब के किसानों द्वारा हो रहा है। जहां कांग्रेस की सरकार है। मोदी सरकार ने देश के अन्नदाताओं के हितों के लिए कानून बनाया है। जिन विषयों को लेकर आंदोलन चल रहा है उन सभी भ्रांतियों को सरकार ने दूर करने का प्रयास किया, कई दौर की बातचीत के बावजूद समाधान निकालने की दिशा में कथित आंदोलनकारी आगे बढ़ने के लिए तैयार नहीं हैं। किसानों को समृद्ध बनाने और बिचौलियों को अपना घर भरने से रोकने के लिए कृषि कानून बनाए गए हैं। किसान अपनी उपज को मंडी में भी बेच सकते हैं और मंडी के बाहर भी बेच सकते हैं। इसके बावजूद बार बार किसानों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों की उपज खरीदी बिक्री को लेकर विवाद का समाधान न होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ 30 दिनों के भीतर सजा का प्रावधान पहली बार किया गया है। तीन दिनों में किसानों को भुगतान की गारंटी की गई है। किसानों के हितों के लिए व्यापक प्रावधानों के बावजूद आंदोलन किये जाने से स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल भ्रांति फैला रहे हैं। पत्रवार्ता में डोमार सिंह वर्मा, सरिता मिश्रा, संतोष सोनी, मिडिया प्रभारी सतीश समर्थ, दिनेश देवांगन अन्य मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

आज स्वास्थ शिविर

दुर्ग। निगम के स्लम क्षेत्र सिकोला बस्ती में श्रमिक भवन देवार पारा और राजीव नगर में यादव पटेल समाज भवन के पास गायत्री मंदिर वार्ड में ग्रीन चौक के पास तथा पदमनाभपुर पूर्व में अली गैरेज के पास मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 14 दिसंबर को प्रातः 8 से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। वार्ड क्षेत्र के निवासियों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर शासन की इस अभिनव योजना का लाभ अवश्य उठाएं। उल्लेखनीय है कि आज निगम के गुरु घासीदास वार्ड 44, सिकोला भाटा वार्ड 14 तथा नयापारा कुंभकार भवन के पास और वार्ड 13 नगर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जहां 2017 लोगों का पंजीयन कर 177 लोगों को सामान्य बीमारियों की निशुल्क की दवाई दी गई।

उचित व्यवस्था के आयुक्त को दिए निर्देश

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ठगड़ाबांध पहुंचे। यहाँ उन्होंने निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन को नये रहवास में नागरिकों के उचित व्यवस्थापन संबंधी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निगम की टीम नई बसाहट में लोगों की सुविधाओं का पूरा ध्यान दें। बुनियादी सुविधाओं संबंधी किसी भी तरह की समस्या आने पर इसका त्वरित निराकरण करें। उन्होंने निगम आयुक्त को कहा कि ठगड़ाबांध से संबंधित जो भी प्रस्तावित कार्य हैं उसे गुणवत्तापूर्वक एवं समयसीमा पर पूरा कर लें।

पुनरीक्षण की मॉनिटरिंग करेंगे अधिकारी

दुर्ग। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम 2021 के तहत फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण का कार्य लगातार जारी है। कार्य की महत्ता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए संभागायुक्त टीसी महावर द्वारा पुनरीक्षण कार्य की मॉनिटरिंग हेतु विधानसभावार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। संभागायुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 15 तक दावा, आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

वर्चुअल मैराथन दौड़ से झूम उठा शहर

कोविड प्रोटोकाल के तहत सुरक्षित दूरी बनाकर लोगों ने हिस्सा लिया

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वर्चुअल मैराथन के दिन दुर्ग की सुबह शानदार जोश से लबरेज लोगों के उत्साह से जगमग दिखी। छह बजे से ग्यारह बजे तक लोग सड़क पर आते रहे। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए उन्होंने उत्साह के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। आम नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, मीडियाकर्मी भी दौड़ते नजर आए। लोगों ने उत्साह के साथ अपने फोटो भी सोशल मीडिया में पोस्ट किये। सोशल मीडिया में वर्चुअल मैराथन में दौड़ते लोगों की पोस्ट ही नजर आ रही थी। विधायक अरूण वोरा, विधायक तथा महापौर देवेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। संभागीय तथा जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। संभागायुक्त टीसी महावर तथा आईजी विवेकानंद सिन्हा ने भी दौड़ में हिस्सा लिया। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा एसपी प्रशांत ठाकुर भी दौड़ में सम्मिलित हुए। अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, बीबी पंचभाई, एडीशनल एसपी रोहित झा, प्रज्ञा मेश्राम भी शामिल हुए। प्रख्यात हाकी खिलाड़ी और पुलिस अधिकारी सबा अंजुम सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी शामिल हुए। इन अधिकारियों ने लोककला पथ में मैराथन में हिस्सा लिया। पुलिस कर्मियों ने शिवनाथ नदी के किनारे दौड़ किया। जिले में हर जगह लोग दौड़े और खूब दौड़े। अर्जुन अवार्ड विजेता बाक्सर राजेंद्र प्रसाद ने तथा वालीबाल खिलाड़ी शिखर सिंह तथा अन्य दिग्गज खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया।

फ्रीडम विद टार्च की थीम पर दौड़ेए बनाया सुंदर वीडियो. दूरदर्शन पर नब्बे के दौर में ओलंपिक के ठीक पहले एक छोटा सा सांग दिखाया जाता था फ्रीडम विद टार्च। इस थीम में बहुत से खेल जगत के दिग्गज मशाल लेकर आगे बढ़ते थे और अपने साथियों को सौंप देते थे। इस थीम पर एक सुंदर वीडियो यहाँ भी तैयार किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, स्पोर्ट्स एवं खेलों से संबंधित लोगों ने हिस्सा लिया। इस वीडियो को जिले के सभी प्रमुख लैंडमार्क्स में होने वाली एक्टिविटी दिखाई गई है। सुंदर कलाकृतियों से सजे लोककला पथ के अलावा बीएसपी प्रवेश द्वार, वाय शेप ब्रिज, शिवनाथ के किनारे, गौठानों में, रविशंकर स्टेडियम, जयंती स्टेडियम जैसे प्रमुख स्थलों पर वर्चुअल मैराथन में हिस्सा ले रहे लोगों को शूट किया गया।

खास बात यह रही कि बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने बाधाओं के बावजूद इस आयोजन में हिस्सा लिया और लोगों को प्रेरित किया। सोशल मीडिया में वर्चुअल मैराथन का रहा ट्रेंड. सोशल मीडिया में दिन भर वर्चुअल मैराथन ट्रेंड में रहा। रजिस्टर्ड लोगों के अलावा भी बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। सभी उत्साह से भरे लोगों ने अपनी सेल्फी भी फोटो में डाली और इस सुंदर आयोजन के लिए राज्य सरकार को बधाई भी दी। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी वर्चुअल मैराथन में हिस्सा लिया और इनमें हिस्सा ले रहे लोगों को उत्साह और जोश के लिए भरपूर बधाई दी।

आज राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल के निगमित कार्यालय इस्पात भवन नई दिल्ली द्वारा 14 दिसंबर 2020 को राजभाषा हिंदीं की विकास यात्रा को तीव्र करने की रुपरेखा का संदर्भ विषयक वर्चुअल राजभाषा संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में डॉ. सुमीत जैरथ, सचिव राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार मुख्य अतिथि वक्ता होंगे। जिनका वक्तव्य मुख्यतः राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन में दस जैसे प्रशिक्षण, प्रचार, प्रसार, प्रोत्साहन इत्यादि पर आधारित होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रदीप कुमार त्रिपाठी सचिव इस्पात मंत्रालय भारत सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस दौरान सेल अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी को सेल में राजभाषा प्रचार.प्रसार की दिशा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए राजभाषा उन्नायक सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्चुअल राजभाषा संगोष्ठी में सेल निगमित कार्यालय के साथ.साथ सेल की सभी इकाइयों को वर्चुअल माध्यम से व्यापक सहभागिता करने का निश्चय किया गया है। इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं समस्त कार्यपालक निदेशकगण तथा संयंत्र के राजभाषा अधिकारी आयोजन में पॉलीकाम से जुड़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

मंच संचालक के पवन बने जिला उपाध्यक्ष

कुम्हारी (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य स्तर मंच संचालक समिति का गठन किया गया है। जिसका विधिवत निर्वाचन हुआ। जिसमे जिले के लिए अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, उपाध्यक्ष पवन डहरिया, सचिव हरीश साहू, कोषाध्यक्ष नरोत्तम साहू, सहसचिव डोरेलाल, सरंक्षक संजय मैथिल तथा मिडिया प्रभारी के पद पर दिनेश वर्मा निर्वाचित हुए। जिसमें जिले के लिए कुगदा के पवन डहरिया उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। पवन ने बताया कि मंच संचालकों को एकजुट करने के लिए यह समिति तैयार किया। ब्लॉक स्तर पर भी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी।

डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का महापौर ने किया भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र के वार्ड 55 में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद एवं एमआईसी मेंबर सूर्यकान्त सिन्हा एवं क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। सेक्टर 06 के वार्ड में 55 अलग अलग स्थानों पर पेवर ब्लॉक, नाली निर्माण, सड़कों का सीमेंटीकरण कार्य किए जाएंगे। वार्ड में करोड़ो से वृहद स्तर पर विकास कार्यो की सौगात मिलने से वार्ड के नागरिकों ने महापौर यादव का आत्मीय किया और शहर के विकास में वार्डवासियों ने हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया। इस दौरान महापौर ने लोगों को संबोधित करते हुए वार्ड 55 में ही महिलाओं द्वारा मांग किए जाने पर एक मंच तथा इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए महापौर निधि से 1 करोड़ देने की घोषणा करते हुए नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वे सेक्टर 06 वार्ड में पार्षद सूर्यकान्त सिन्हा के साथ मिलकर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए और विकास किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान एचएससीएल कॉलोनी में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकापर्ण कर कोरोना काल में बेहतर सेवा करने वाली आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत भी किया गया। क्षेत्र के जोन 05 अंतर्गत वार्ड 55 सेक्टर 06 में एक करोड़ 61 लाख की लागत से विकास कार्यों की शुरूआत करने महापौर ने सेक्टर 06 के चार स्थानों पर भूमिपूजन किया और निगम प्रशासन द्वारा जनहित के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दिए। श्री यादव ने कहा कि वार्ड 55 में स्वच्छ पेयजलए स्वच्छता संबंधी निगम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, महापौर ने उपस्थित जनों को बताया कि टाउनशिप की खोती हुई ग्लोरी पुनः लौटाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है सेक्टर 09 हास्पिटल की चिकित्सकीय स्टॉफ व सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। महिला समूहों द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों को विक्रय करने पॉवरहाउस में मदर्स मार्केट का निर्माण और सेक्टर 05 बन रहे पार्क निर्माण किया जा रहा है जो अंतिम चरणों में जल्द ही इसका शभारंभ होने से जनता इसका लाभ भी मिलेगा। भूमिपूजन के तहत वार्ड के विभिन्न सड़कों पर सीसी रोड बनाया जाएगा।

सिविल लाईन क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सिविल लाईन स्थित शीतला माता मंदिर परिसर स्थित प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि में लगे विशाल पेड़ अज्ञात तत्वों द्वारा काट दिए गए। यही नहीं हरे भरे पेड़ों को छोटे टुकड़ों में काट कर उन्हें वहां से अन्यंत्र भेज भी दिया गया। कटे पेड़ों और उन्हें वाहन में लोड किए जाने का दृश्य कैमरे में कैद किए जाने के दौरान वाहन के ड्राइवर कंडेक्टर मौके से गायब हो गए। वहां केवल मजदूर मिले जो पेड़ों को काटकर वाहन में लोड कर रहे थे लेकिन उनमें से कोई भी यह नहीं बता सका कि पेड़ किसके इशारे पर काटे जा रहे हैं और उन्हें कहां भेजा जा रहा है। सभी पेड़ काफी पुराने हैं जिन्हें बड़ी निर्दयता से काट दिया गया। गौरतलब है कि शीतला माता मंदिर सिविल लाईन क्षेत्र में स्थित है। मंदिर के पीछे कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित छोटे बड़े अनेक शासकीय अधिकारियों का आवास है। मंदिर के सामने स्थित गौरवपथ से दिनभर अधिकारियों की आवाजाही होती रहती है। इसके बावजूद पिछले तीन दिनों से पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है।

टी-20 मैंच का महापौर देवेंद्र ने किया शुभारंभ

राज्य की 8 टीमें ले रही है भाग, दर्शको को मिलेगा रोमांचक मैचों का लाभ, खिलाड़ि यों के लिए एकादमी ने किए इतंजाम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्रिकेट टी 20 चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 ग्राउंड पर आयोजित टी 20 मैंच में छत्तीसगढ़ की जानी.मानी आठ टीमों ने भाग लिया। इस ओपनिंग मैच के आयोजन में विधायक देवेंद्र यादव उपस्थित हुए और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने अपने भाषण में कहां भिलाई क्षेत्र में अभी हमने बहुत से खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेलों के स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। हाल ही में खुर्सीपार अंडा चौक क्रिकेट ग्राउंड का निर्माण किया। जिसका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने कर्म कमलों से उद्घाटन किया। ऐसी ही नगर में हम खिलाड़ियों की खेल के प्रति उत्साह को देखते हुए हम भिलाई में एकेडमी की भी व्यवस्था की जा रही हैं और उन्होंने आज सेक्टर.2 ग्राउंड पर ही मैराथन दौड़ भी लगाई और छत्तीसगढ़ राज्य को अपने शब्दों में यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के 2 साल पूरे होने पर छत्तीसगढ़ वासियों को बहुत.बहुत बधाई भी दी। आज के ओपनिंग मैच के दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की और ट्रांस करा के मैच को आरंभ किया इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के महामंत्री ख्वाजा अहमद ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खेल प्राधिकरण की स्थापना की घोषणा की जो छत्तीसगढ़ बनने से अभी तक हुआ नहीं हुआ था वह काम हमारे मुख्यमंत्री ने करके दिखाया जैसे कि विधायक देवेंद्र यादव का जो कार्य भिलाई के भलाई के लिए किया जा रहा है । इस मौके पर छत्तीसगढ़ के आठ टीमों ने भाग लिया और सभी ने शपथ भी लिया कि हम क्रिकेट के नियमों का पालन करते हुए खेल भावना से क्रिकेट खेलेंगे। इस दौरान अतिथि ओपी सिंह, हरि सिंह, यूहन्ना सौरव पांडे, सिमरन सिंह, राहुल, विनय और बहुत सारे खेल प्रेमी मौजूद थे इस टूर्नामेंट का समापन 20 दिसंबर को किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव होगें।

शिविर का मुआयना कर रहे है आयुक्त

भिलाई.03। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत निगम भिलाई चरौदा के 40 वार्डों में प्रतिदिन मोबाईल मेडिकल यूनिट और दवाई, स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर द्वारा इस शिविर का प्रत्येक दिवस मौके पर मुआयना कर रहे हैं। राठौर द्वारा आम नागरिकों से अपील किया है कि इस योजना का लाभ लेवें व डॉक्टर से अपना स्वास्थ्य परीक्षण करावें। आयुक्त द्वारा बेहतर स्वास्थ्य के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा आम नागरिकों को शिविर का लाभ लेने प्रेरित करें।

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202012100900034

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक थानेश्वर प्रसाद पिता गिरधारी लाल निवासी चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 354/1 का भाग रकबा 0.409 हे. मे से 0.015 हे भूमि को विक्रेता खूबचंद पिता बिसेलाल निवासी ग्राम चरोदा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.11.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायलय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 28.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 09.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202010101600036

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ममता यादव अन्य 02 पिता/पति घनश्याम यादव निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा मौजा ग्राम कोपेडीह प.ह.न 07 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 438/9 रकबा 1500 वर्गफुट हे. भूमि जो कि भूस्वामी हक/संयुक्त रुप से के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/सहखातेदार घनश्याम यादव पिता गणेश यादव की मृत्यु दिनांक 24.08.2020 को हो जाने पर उनके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 15.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 17.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20
ई.पंजी. 202012101200007

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फिरदौस खान आ. असलम शेर खान साकिन केम्प 02 भिलाई के द्वारा ग्राम कोड़िया प.ह.न 38 रा.नि.मं. तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 289/2 रकबा 0.31 हे. भूमि को विक्रेता सजय एवं अन्य 02 पिता बसंत से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 01.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 21.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20
ई.पंजी. 202012101200006

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फिरदौस खान आ. असलम शेर खान साकिन सकुर्लर मार्केट भिलाई के द्वारा ग्राम कोड़िया प.ह.न 38 रा.नि.मं. तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 290/3 रकबा 0.100 हे. भूमि को विक्रेता अगराहिज पिता जगदेव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.11.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 21.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202011101000132
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
श्रीमती ज्योत्सना
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ज्योत्सना पति शांता राम पाटिल पता शांति नगर भिलाई एवं अन्य 01 द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 775/2 रकबा 0.82 हे. जो आवेदक श्रीमती ज्योत्सना पति शांता राम पाटिल पता शांति नगर भिलाई एवं अन्य 01 के नाम पर दर्ज है। आवेदिकगण के द्वारा अपने परिवार के अन्य सदस्यों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 23.12.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.11.2020 को जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

// आम-सूचना //

मैं श्रीमती शिल्पा अगलावे पति श्री तुषार रविन्द्र अगलावे निवासी क्वार्टर नं. 45/सी रुआबांधा सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं। मेरे पति तुषार रविन्द्र अगलावे पिता श्री रविन्द्र अगलावे भिलाई इस्पात संयंत्र में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत् है। मेरे पति तुषार रविन्द्र अगलावे के भिलाई इस्पात संयंत्र के रिकार्ड में मेरा नाम श्यामली अगलावे दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं समस्त दस्वावेज में नाम शिल्पा अगलावे दर्ज है जो सही नाम है। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र के रिकार्ड में अपना नाम श्यामली अगलावे को परिवर्तित कर सही नाम शिल्पा अगलावे दर्ज करवाना चाहती हूं। यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी महोद्य के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

मुहर

शपथकर्ता
शिल्पा अगलावे
निवासी क्वार्टर नं. 45/सी
रुआबांधा सेक्टर भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नंदूराम देवांगन साकिन वार्ड नं. 21 आशा नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग अपने पिता बंठाराम देवांगन आ. स्व. सखा देवांगन की मृत्यु दिनांक 09.06.2003 को हो चुकी है उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 17.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.11.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

आतंकी हमले में शहीद जवानों को डॉ. चरणदास महंत ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर। छतीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने रविवार को ट्वीट कर संसद भवन आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव शहीद जवानों का ऋणी रहेगा।

अवैध शराब ले जाते 4 अपराधी पकड़ाए

रायपुर। अधिक मात्रा में शराब रखने की सूचना पर खमतराई पुलिस ने अलग-अलग चार स्थानों पर 18 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार खतराई पुलिस ने तय मात्रा से अधिक शराब ले जाने के जुर्म में 12 दिसंबर को रावाभाठा चौक के पास 7.40 बजे युवराज साहु से 04 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त की है। वही भनपुरी तिराहा के पास योगेन्द्र कुमार साहु 24 वर्ष 05 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त की है। एवं रिलायंस पेट्रोलपंप मुकेश कुमार चंद्राकर 26 वर्ष व मिथलेस साहु 27 वर्ष के पास से 09 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 18 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाही की गई है।

लोग स्वस्थ रहेंगे तभी छग भी बढ़ेगा- भगत

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन काल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा आयोजित वर्चुअल मैराथन दौड़ में शामिल होने के बाद प्रदेश की जनता को संदेश देते हुए संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि यहां के लोग स्वस्थ रहेंगे तभी प्रदेश भी स्वस्थ रहेगा और आगे बढ़ेगा। श्री भगत ने कहा कि 13 दिसंबर को आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। सभी लोग दौड़ रहे है। दौड़ने से स्वास्थ्य ठीक रहता है और स्वस्थ व्यक्ति ही अच्छा काम कर सकता है। छत्तीसगढ़ की बेहतरी और विकास के लिए सबको दौड़ना है। उन्होंने कहा कि दौड़ेगा छग तब तो बढ़ेगा छग।

दौड़ लोगों के स्वास्थ्य और छग के विकास दोनों के लिए अच्छा है-टेकाम

रायपुर। दौड़ना स्वास्थ्य के साथ छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भी अच्छा है।

लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो प्रदेश भी आगे बढ़ेगा। यह बातें प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहीं। श्री टेकाम आज प्रदेश में आयोजित वर्चुअल मैराथन दौड़ में भाग लेने के बाद कहा कि भूपेश सरकार के कार्यकाल का 17 दिसंबर को दो साल पूरा होने जा रहा है। इसके लिए आज वर्चुअल दौड़ लगाई जा रही है।

वर्चुअल मैराथन में दौड़े प्रदेश के बड़े नेता व अधिकारी

वर्चुअल मैराथन में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए।

वर्चुअल मैराथन में वरिष्ठ विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा और उनके पुत्र श्री पंकज शर्मा शामिल हुए।

वर्चुअल मैराथन में अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू शामिल हुए

वर्चुअल मैराथन में शामिल हुईं श्रीमती भेंड़िया के साथ राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा भी।

कृषक जैविक खाद का अधिक उपयोग करें : सीएम

मुख्यमंत्री ने जाबर आदर्श गौठान का किया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दो दिवसीय जिला प्रवास के दौरान आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत जाबर में स्थित आदर्श गौठान पहुंचे। उन्होंने वहां समूह द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी ली तथा गौठान का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आदर्श गौठान जाबर पहुंचने पर वहां की स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बिहान गीत के साथ स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने गौठान में बटेर पालन का अवलोकन किया तथा समूह की महिलाओं से उनके पालन, तैयार होने की अवधि, बिक्री इत्यादि के बार में विस्तार से चर्चा की और कितना लाभ प्राप्त हुआ है, इसकी जानकारी ली। समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि गौठान में तीन माह पूर्व बटेर पालन प्रारम्भ किया था, जिस पर आज तक उसकी लागत राशि का मूलधन हमें मिल चुका है तथा अभी भी बिक्री के लिए बटेर शेष है। मुख्यमंत्री ने समूहों के द्वारा तैयार किये गये जैविक कीट नियंत्रण कीटनाशी का अवलोकन किया और उनके निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने गौठान में वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन, अवधि, विक्रय तथा लाभ आदि के बारे में जानकारी ली। गौठान में महिलाओं द्वारा 2 अजोला टैंक का निर्माण की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंजोला घास की आधा किलो मात्रा गाय को खिलाने से दुग्ध की उत्पादन क्षमता बढ़ जाती है और यह मछली पालन के लिए भी बहुत लाभदायी होता है।

सीएम ने सुनी लोगों की समस्या

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गौठान में चौपाल लगा ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने स्थानीय पशुपालकों से विक्रय किये गये गोबर की मात्रा एवं कितनी राशि बैंक खाते में आई, इसकी जानकारी ली। ग्राम के कृषक एवं पशुपालक श्री तुलसीदास ने मुख्यमंत्री को बताया कि अब तक लगभग 7 क्विंटल गोबर बिक्री की गई है जिसका भुगतान समय पर बैंक खाते में प्राप्त हो गया है। गोबर विक्रय से प्राप्त हुई राशि से उन्होंने गेहूँ बीज तथा खाद की खरीदी की है, मुख्यमंत्री ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने धान विक्रय, धान खरीदी केन्द्र तथा कितना धान बेचा गया है तथा टोकन आदि के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली।

वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन बढ़ाने में होता है सहायक

वर्मी कम्पोस्ट के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि गौठान में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट का जैविक कृषि हेतु अधिक से अधिक उपयोग में लाना है तथा शेष खाद बच जाने पर सहकारिता के गोदाम में जमा करने और उसकी राशि का भुगतान संबंधित समूहों को करने का निर्देश कलेक्टर को दिए। गोदाम में जमा किये हुए जैविक खाद को वापस किसानों को विक्रय किया जावेगा। जाबर गौठान के पास स्थित बाड़ी में लिम्बु स्व-सहायता समूह मगरहारा द्वारा विभिन्न प्रकार के साग-सब्जी लगाया गया है, जिसमें मुख्यतः गोभी, मिर्च, बैंगन, टमाटर, मटर, आलू इत्यादि हैं।

घायल बाईकर की मौत

रायपुर। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच के बाद मृतक द्वारा लापरवाही पूर्वक बाईक चलाने की वजह से सड़क हादसे में उसकी मौत होने की अपराध दर्ज की है। खरोरा थाना पुलिस के अनुसार ग्राम कटंगी कसडौल बलौदाबाजार निवासी हरिशचंद्र देवांगन 65 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि ग्राम भाडापाठ पुलिया खरोरा के पास 12 दिसंबर को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 सीके 4505 से जाते समय पुल से टकरा जाने के बाद मौके पर मौत हो जाने की शिकायत खरोरा थाने में दर्ज की गई थी।

राजधानी में बाईक चोर गिरोह सक्रिय लगातार हो रही है दो-पहिया चोरी

रायपुर। राजधानी में लगातार दो पहिया वाहन चोर गिरोह सक्रिय है। ऐसा कोई दिन नही जाता जब शहर के थानों में वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज न होती हो। स्थिति इतनी ज्यादा खराब हो चुकी है कि दिन दहाड़े लोगों के अनुसार घरों व बाजार के पार्किग स्थलों से खुलेआम गाड़ियां चोरी होने लगी है। पुलिस मुख्यालय से आदेश के अनुसार शहर के थानाक्षेत्रों को नगर पुलिस अधीक्षकों की निगरानी में पीसीआर वैन एवं दस्ते के साथ जामा तलाशी लेने की अनुमति है। इसके बाद भी दिन एवं रात में घरों एवं कार्यालय परिसरों से दो-पहिया वाहन चोरी हो रहे है। आखिर इन गाड़ियों का चोर कहां इस्तेमाल कर रहे है,यह जांच का बिषय है। लोगों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से दुपहिया वाहन चोरी की घटनाओं के संबंध में संबंधित थाने के प्रभारी एवं नगर पुलिस अक्षीक्षक की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। डीडीनगर व पुरानी बस्ती थाने में दो मोटरसाइकिल चोरी हो जाने की शिकायत दर्ज की गई है। कुशालपुर पुरानीबस्ती में 05 दिसंबर को रात 10 बजे मैरिज पैलेस के गेट के सामने खड़ी स्पेंलडर प्रो. क्रमांक सीजी 04एचएक्स 4971 मोटरसाइकिल को किसी ले लॉक खोलकर चोरी लिया।

घर आफिस व बाजारों में खड़ी बाईक हो रही है पार

लोकवाणी

रायपुर(नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता लोकवाणी की 13 वीं कड़ी का प्रसारण सुनते लोग।

हैवानियत

रायपुर(नवप्रदेश)। भाठागांव नाका चौक के पास नाला में मिला नवजात शिशु का शव।

भाजपा को किसानों की नहीं बल्कि अडानी, अंबानी जैसे चंद पूंजीपतियों की चिंता : धनंजय सिंह

- **किसान महापंचायत पर कांग्रेस ने दी प्रतिक्रिया**
- **मोदी के मंत्री किसानों को कृषि बिल के फायदे बताने में रहे असफल**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भाजपा के किसान महापंचायत पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के किसान महापंचायत का हश्र भी भात पर बात और खेत सत्याग्रह की तरह ही होगा।किसानों के आगे भाजपा का झूठ प्रपंच का प्रोपोगंडा नही चलेगा।छत्तीसगढ़ के किसान भाजपा के किसान विरोधी चाल चरित्र और चेहरा को पहचानती है।रमन भाजपा की सरकार में किसानों के साथ वादाखिलाफी हुआ अत्याचार हुआ था। रमन सरकार के दौरान रोज 4 किसान आत्महत्या कर लेते थ।किसानों को वादा अनुसार धान की कीमत प्रति क्विं 2100रु और 300 रु बोनस प्रति क्विं नहीं दिया। किसानों के जलाशय को पूंजी पतियों को बेचा गया। खेत के लिए पानी मांगने वाले किसानों के ऊपर लाठियां बरसती थी। मोदी भाजपा की सरकार ने भी 7 साल में किसानों से किए वादे को पूरा नहीं किया बल्कि किसान विरोधी तीन काले कानून लाकर किसानों को गुलामी की ओर धकेलने की साजिश और षडयंत्र रचने का काम किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि किसान विरोधी तीन काले कानून को वापस लेने की मांग को लेकर किसान दिल्ली में आंदोलन कर रहे हैं।मोदी सरकार के मंत्री किसानों के साथ कई बैठक कर चुके है लेकिन किसानों को संतुष्ट नहीं कर पाए है मोदी के मंत्री शाह तोमर गोयल किसानों को बिल के फायदे बताने में असमर्थ और असहाय नजर आए हैं।किसानों के सवालों का जवाब देने से मोदी के मंत्री बचते रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान भाजपा के 9 सांसद को ढूंढ रहे हैं अब उनके घरों में जाकर घेराव करने की तैयारी कर रहे हैं और पूछेंगे कि जो मोदी भाजपा ने किसानों को स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य और 50त्न अतिरिक्त प्रॉफिट देने का वादा किया था उसका क्या हुआ? किसानों की आय दोगुनी करने का नारा लगाने वाले अब किसानों को चंद पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली गुलाम क्यों बनाना चाहते हैं ? किसानों के उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने से मोदी भाजपा की सरकार क्यो भाग रही है?इन सारे सवालों का जवाब भाजपा को किसानों को देना पड़ेगा किसानों के आक्रोश को देखते हुए भाजपा के नेता किसानों के सामने जाने से डर रहे हैं छत्तीसगढ़ के किसान भी भाजपा नेताओं का इंतजार कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि किसान आंदोलन के समर्थन में पूरा देश एकजुट खड़ा हुआ है किसानों के समर्थन में खिलाड़ियों से लेकर बुद्धिजीवी वर्ग मजदूर ट्रांसपोर्टर्स इंजीनियर वकील सहित हर वर्ग खड़ा हुआ हैं।

गार्ड की हत्या के मामले में पत्नी के बाद प्रेमी गिरफ्तार

रायपुर। शोरुम में तैनात गार्ड की हत्या मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी के बाद पुरुष मित्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर थानाक्षेत्र के बीएसयूपी कालोनी में 10 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे बंद कमरे में विनय शंकर शुक्ला 38 वर्ष की लाश मिलने व शरीर में चोट का निशान मिलने पर पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी थी। मृतक एक शोरुम में गार्ड का काम करता था, घटना वाले दिन मृतक की पत्नी कंचन शुक्ला अपने पुरुष मित्र हरिओम कुशवाहा के साथ मिलकर पति की हत्या की बात कबूली थी। जिसके बाद कंचन शुक्ला को गिरफ्तार किया गया था वहीं घटना के बाद से ही हरिओम कुशवाहा फरार चला रहा था जिसे आज पुलिस ने रीवा से गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला कि पति से अनबन के चलते कंचन शुक्ला अपने मायके में रह रही थी।

संपादकीय

संवाद से ही होगा समाधान

नए कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग पर अड़े किसानों का आंदोलन 20 दिनों से लगातार जारी है। देश की राजधानी नई दिल्ली की सभी सीमाओं पर बैठे हजारों किसानों ने अपनी मांग को लेकर अब अनशन की तैयारी शुरू कर दी है। देश भर में धरना प्रदर्शन करने के साथ ही इस आंदोलन को चरणबद्ध तरिके से आगे बढ़ाने की कवायद की जा रही है। सरकार अभी भी आंदोलित किसानों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार है लेकिन किसान संगठन नए कानूनों को रद्द करने की मांग पर ही अड़े हुए है। यह ठीक है कि अपनी मांगों को लेकर किसानों को आंदोलन करने का पूरा अधिकार है लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि संवाद से ही समाधान का रास्ता निकलेगा। आंदोलन के चलते दिल्ली वासियों को जो दिक्कतें हो रही है उस पर भी आंदोलन करने वाले किसानों को गौर करना चाहिए। वैसे ही सड़क रोक कर आंदोलन करना न्यायोचित नहीं है इस बारे में पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने साहिन बाग आंदोलन को लेकर कड़ी टिप्पणी की हुई है कि सड़क जाम करके आंदोलन करना गलत है और ऐसे करने वाले आंदोलनकारियों के खिलाफ सरकार को सख्ती बरती चाहिए। दिल्ली की सीमाओं को बंद करके आंदोलन कर रहे किसानों के खिलाफ यदि सरकार सख्ती नहीं बरत रही तो ये इसका मतलब यह नहीं कि सरकार कमजोर है। सरकार को कड़े कदम उठाने के लिए आंदोलनकारी मजबूर ना करे और इस बात का ध्यान रखें कि उनके आंदोलन की वजह से जनजीवन प्रभावित ना हो। ऐसा होने से वे लोगों की साहनुभूति भी खो देंगे। आंदोलनकारियों को इस बात से भी बचना होगा कि उनका यह आंदोलन हाईजैक ना हो। एक खबर के मुताबिक दिल्ली के पास बहादुरगंज में एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसमें उमर खालिद, सर्जिल इमाम और जीएमसाईं जैसे लोगों की रिहाई की मांग की गई है। यही नहीं बल्कि वहां ऐसे पोस्ट भी लहराए जा रहे हैं जिसमें अनुच्छेद 370 और नए नागरिकता कानून का भी विरोध किया जा रहा है। जाहिर है किसानों के बीच अर्बन नक्सली और टूकड़े-टूकड़े गैंग के लोगों ने घुसपैठ करनी शुरू कर दी है। ऐसे अराजक तत्वों से किसानों को सावधान रहने की आवश्यकता है। अन्यथा उनका आंदोलन मुल उद्देश्य से भटक सकता है और अप्रिय स्थिति उत्पन्न कर सकता है। आंदोलन के जरिए वे अपनी ताकत दिखा चुके है अब उन्हें सरकार के साथ बातचीत करनी चाहिए ताकि उनकी समस्या और शंका का समाधान हो। सरकार पहले ही कह चूंकि है कि वह नए कृषि कानूनों को वापस नहीं लेगी। अलबत्ता उसमें वह किसानों की मंशा के अनुरूप संशोधन करेगी। जब सरकार दो कदम पीछे हट रही है तो आंदोलनकारी किसानों को भी एक कदम पीछे हटने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

विचार

फ्रांस के मुस्लिम मुसीबत में

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

फ्रांस के 56 लाख मुसलमानों में आजकल कंपकंपी दौड़ी हुई है, क्योंकि 'इस्लामी अतिवाद' के खिलाफ फ्रांस की सरकार ने एक कानून तैयार कर लिया है। राष्ट्रपति इमेन्यूएल मेक्रो ने कहा है कि यह कानून किसी मजहब के विरुद्ध नहीं है और इस्लाम के विरुद्ध भी नहीं है लेकिन फिर भी फ्रांस के मुसलमान काफी डर गए हैं। फ्रांस में तुर्की, अल्जीरिया और अन्य कई यूरोपीय व पश्चिमी एशियाई देशों के मुसलमान आकर बस गए हैं। ऐसा माना जाता है कि उनमें से ज्यादातर मुसलमान फ्रांसीसी धर्मनिरपेक्षता (लायसीती) को मानते हैं लेकिन अक्तूबर में हुई एक फ्रांसीसी अध्यापक सेमुअल पेटी की हत्या तथा बाद की कुछ घटनाओं ने फ्रांसीसी सरकार को ऐसा कानून लाने के लिए मजबूर कर दिया है, जो मुसलमानों को दूसर दर्जे का नागरिक बनाकर ही छोड़ेगा। इस कानून के विरुद्ध तुर्की समेत कई इस्लामी देश बराबर बयान भी जारी कर रहे हैं। इस कानून के लागू होते ही मस्जिदों और मदरसों पर सरकार कड़ी निगरानी रखेगी। उनके पैसों के स्त्रोतों को भी खंगालेगी। वह मुस्लिम बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देगी। उन्हें कट्टरवादी प्रशिक्षण देने पर रोक लगाएगी। यदि मस्जिद और मदरसे फ्रांस के 'गणतांत्रिक सिद्धांतों' के विरुद्ध कुछ भी कहते या करते हुए पाए जाएंगे तो उन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। लगभग 75 प्रतिबंध पिछले दो माह में लग चुके हैं और 76 मस्जिदों के विरुद्ध अलगाववाद भड़काने की जांच चल रही है। इमामों को भी अब सरकारी देखरेख में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार ने इस्लामद्रोह-विरोधी संगठन को भी भंग कर दिया है। अब तक अरबी टोपी, हिजाब, ईसाई क्रॉस आदि पहनने पर रोक सिर्फ सरकारी कर्मचारियों तक थी। उसे अब आम जनता पर भी लागू किया जाएगा। तीन साल से बड़े बच्चों को घरों में तालीम देना भी बंद होगा। डॉक्टरों द्वारा मुसलमान लड़कियों के अक्षतयोनि (वरजिनिटी) प्रमाण पत्रों पर भी रोक लगेगी। बहुपत्नी विवाह और लव-जिहाद को भी काबू किया जाएगा। तुर्की और मिस्र जैसे देशों में इन प्रावधानों के विरुद्ध कटु प्रतिक्रियाएं हो रही हैं लेकिन फ्रांस के 80 प्रतिशत लोग और मुस्लिमों की फ्रांसीसी परिषद भी इन सुधारों का स्वागत कर रही है। ये सुधार राष्ट्रपति मेक्रो की डगमगाती नैया को भी पार लगाने में काफी मदद करेंगे। उन्हें 2022 में चुनाव लड़ना है और इधर कई स्थानीय चुनावों में उनकी पार्टी हारी है और उनके कई वामपंथी नेताओं ने दल-बदल भी कर लिया है।

छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति बढ़ा विश्वास

लॉकडाउन में बेबस लाखों मजदूरों को मिला श्रम विभाग का सहारा

कमलज्योति
सहायक जनसंपर्क अधिकारी

श्रम विभाग द्वारा अन्य राज्य में फंसे लगभग 3 लाख श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। राज्य हेल्पलाइन से प्राप्त सूचना के आधार पर देश के 21 राज्यों एवं 4 केंद्र शासित प्रदेशों में फंसे लगभग 1 लाख 28 हजार 874 श्रमिकों के लिए भोजन, आवास व्यवस्था में आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। घर वापसी के लिए 2 लाख 67 हजार से अधिक श्रमिकों ने श्रम विभाग की वेबसाइट में पंजीयन कराया। श्रम विभाग द्वारा लॉकडाउन में छूट के बाद औद्योगिक एवं कारखानों में 1 लाख 10 हजार से अधिक श्रमिकों को वापस कार्य में रखवाने पहल की गई और 73 हजार से अधिक श्रमिकों का बकाया भुगतान 171.16 करोड़ कराने में मदद की गई। श्रम विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में फंसे अन्य राज्यों के श्रमिकों की घर वापसी के लिए भी पहल की गई। श्रमिकों के खाते में पैसे डाले गए। जनसहयोग के माध्यम से राहत शिविर लगाए गए। खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। राहत शिविर में मजूदरों के लिए भोजन, पानी सहित अन्य व्यवस्था की गई। मजदूरों के स्वास्थ्य जांच के लिए 42 स्थाई क्लीनिक संचालित की गई। जिसमें 1 लाख 54 हजार से अधिक श्रमिकों का इलाज और उन्हें दवाओं का वितरण किया गया।

अपने श्रम से अपना और देश का भविष्य गढ़ने वाले श्रमवीरों को भी क्या मालूम था कि एक दिन कोरोना जैसी बीमारी अचानक देशभर में तालाबंदी करा देगी और वे जिन बसों, रेल के सहारे अपनी दो जून की रोटी तलाशने जिस मुकाम पर पहुंचे थे, एक दिन वहां से सबकुछ समेट कर वापस अपने घर को आने कोई रेल या बसे भी नसीब नहीं होंगी। लॉकडाउन में काम बंद होने से जो कुछ कमाये हुए पैसे हाथ में थे, वह भी एक-एक कर खर्च हो जाएंगे। एकाएक देश में तालाबंदी ने मजदूरों को एक बड़ा संकट में डाल दिया था। इनके चेहरे पर चिंता की लकीरें थीं। बेबसी थी और लाचारी थी। कहीं से उम्मीद की कोई किरण उन्हें नजर नहीं आ रही थी। मजदूरों की घर लौटने की आस लगभग समाप्त हो चुकी थी, ऐसे समय में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और श्रम मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया की पहल ने अन्य राज्यों में फंसे हुए छत्तीसगढ़ के लाखों मजदूरों में नई उम्मीद जगा दी। छत्तीसगढ़ सरकार ने श्रम विभाग के माध्यम से अन्य राज्यों में फंसे हुए मजदूरों को घर वापसी अभियान ही नहीं चलाया, अपितु इनके भोजन और रहने की व्यवस्था भी की। श्रमिकों के खाते में पैसे भी डाले। गंभीर संकट के दौर में सरकार द्वारा सुध लिए जाने और घर तक वापस भेजने के लिए राज्य सरकार से रेल, बस सहित अन्य सहयोग मिलने पर मजदूरों को न सिर्फ बहुत खुशी है। उनका भरोसा भी छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति बढ़ा है।

कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के नाम पर देश भर में 25 मार्च से एकाएक लॉकडाउन होने से करोड़ों मजदूर प्रभावित हुए थे। अचानक काम बंद होने से एक ओर जहां उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया था वहीं दूसरी ओर मजदूरों को अपने गृहग्राम लौटने के लिए रेल व बसों की तलाश थी। कई दिनों तक लॉकडाउन नहीं खुलने से मजदूरों के पैसे भी खर्च हो गए। उन्हें एक बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा। इन मजदूरों में छत्तीसगढ़ के मजदूर भी थे। जो पिछले कई सालों से अन्य राज्य में जाकर मजदूरी किया करते थे। लॉकडाउन में इन छत्तीसगढ़ के मजदूरों की चिंता भी बढ़ गई थी। वे अपना प्रदेश लौटना चाहते थे, लेकिन कोई सहारा न था। कोरबा जिले के राजू सिंह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ गुजरात के गांधीनगर में फंसे थे, श्रमिक श्री देवनारायण तेलांगाना के सिकंदराबाद में फंसे थे। अंबिकापुर के कृष्ण कुमार, इलिसबा मिंज, बेमेतरा के श्री मिथिलेश, कवर्धा के मनोज कुमार सहित प्रदेश के अन्य कई जिलों के मजदूर अलग-अलग राज्यों में फंस गए थे। इन मजूदरों ने बताया कि लॉकडाउन के बाद काम पूरी तरह से बंद हो गया। ठेकेदारों ने कुछ दिन तक कुछ मदद की लेकिन लॉकडाउन की अवधि फिर से बढ़ते ही मदद बंद हो गई। वे अपने घर को लौटना चाहते थे लेकिन आने-जाने का कोई साधन नहीं था, ऐसे में कुछ पैसे जो थे वह भी धीरे-धीरे खर्च हो गए। राजूसिंह सहित कई मजदूरों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की मदद और श्रमिकों के लिए ट्रेन चलाये जाने की खबर के बाद उन्होंने परिवार सहित अपने गांव लौटने का फैसला किया। जब ट्रेन आई तो हजारों मजदूर उनके साथ छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्टेशनों में उतरे और शासन-प्रशासन के माध्यम से गांव तक पहुचाने की गई बस की व्यवस्था से वे अपने गांव तक लौट पाएं। राजू सिंह और देवनारायण सहित अन्य मजदूर मुश्किल की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मजदूरों के हित में उठाए गए कदम से बहुत प्रभावित हैं। इसी तरह बेमेतरा के मिथिलेश और मुंगेली जिला की ललिता है जो महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ की सीमा तक आ पहुची थी।

इनके पैरों में चप्पले नहीं थीं। भरी दोपहरी में नंगे पांव चलते इन मजदूरों पर जब प्रशासन की नजर पड़ी तो इन्हें तत्काल पहनने के लिए चप्पले दी गई और गांव तक जाने बसों का इंतजाम भी किया गया। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश थे कि हमारे राज्य में कोई भी मजूदर नंगे पांव न दिखे। अन्य राज्य की ओर जाने वाले श्रमिकों को भी जगह-जगह भोजन, पानी उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री के निर्देशों का प्रदेश में पूरी तरह से पालन हुआ। स्वयं प्रदेश के श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने अधिकारियों को श्रमिक हित में अनेक निर्देश दिए और मजदूरों के लिए राहत सामग्री का वितरण किया। उनकी सोच थी कि प्रदेश के श्रमिकों को राज्य लौटने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

7 लाख से अधिक श्रमिकों की हुई छत्तीसगढ़ में सम्मानपूर्वक वापसी

कोविडकाल में मिली चुनौती का सामना छत्तीसगढ़ की सरकार ने मुस्तैदी से किया। मार्च से जुलाई माह के बीच सबसे बड़ी चुनौती बाहर राज्य में फंसे हुए श्रमिकों की सुरक्षित घर वापसी थी। श्रम विभाग के माध्यम से इन मजूदरों की संख्या जुटाई गई। मजदूरों के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। वेबसाइट के माध्यम से घर वापसी के लिए मजदूरों का पंजीयन प्रारंभ किया गया। कुल 107 स्पेशल ट्रेन चलाई गई। जिसके माध्यम से लगभग एक लाख 54 हजार श्रमिक वापस छत्तीसगढ़ अपने गांव लौटे। विभिन्न वाहनों एवं बसों के माध्यम से 5 लाख 68 हजार श्रमिक वापस आए। छत्तीसगढ़ सरकार की पहल से श्रमिकों की वापसी के लिए बसें भी की गई थीं।

श्रम विभाग द्वारा अन्य राज्य में फंसे लगभग 3 लाख श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। राज्य हेल्पलाइन से प्राप्त सूचना के आधार पर देश के 21 राज्यों एवं 4 केंद्र शासित प्रदेशों में फंसे लगभग 1 लाख 28 हजार 874 श्रमिकों के लिए भोजन, आवास व्यवस्था में आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। घर वापसी के लिए 2 लाख 67 हजार से अधिक श्रमिकों ने श्रम विभाग की वेबसाइट में पंजीयन कराया। श्रम विभाग द्वारा लॉकडाउन में छूट के बाद औद्योगिक एवं कारखानों में 1 लाख 10 हजार से अधिक श्रमिकों को वापस कार्य में रखवाने पहल की गई और 73 हजार से अधिक श्रमिकों का बकाया भुगतान 171.16 करोड़ कराने में मदद की गई। श्रम विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में फंसे अन्य राज्यों के श्रमिकों की घर वापसी के लिए भी पहल की गई। श्रमिकों के खाते में पैसे डाले गए। जनसहयोग के माध्यम से राहत शिविर लगाए गए। खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। राहत शिविर में मजदूरों के लिए भोजन, पानी सहित अन्य व्यवस्था की गई। मजदूरों के स्वास्थ्य जांच के लिए 42 स्थाई क्लीनिक संचालित की गई। जिसमें 1 लाख 54 हजार से अधिक श्रमिकों का इलाज और उन्हें दवाओं का वितरण किया गया।

शाहीन बॉग की राह पर कृषि विघेयक विरोध आन्दोलन

प्रेम शर्मा

जो परिदृश्य दिखाई पड़ है उस स्थिति में विपक्ष चुनिंदा किसान संगठनों को बरगलाने के बजाय दीवार पर लिखी इस इबारत को पढ़ने का काम करे कि उसके दुष्प्रचार का आम जनता पर कहीं कोई असर नहीं पड़ रहा है। यह समझ आता है कि विपक्षी दलों को मोदी सरकार रास नहीं आ रही है, लेकिन यदि वे यह सोच रहे हैं कि दुष्प्रचार के सहारे जनता को बरगलाकर अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति करने में सक्षम हो जाएंगे तो यह होने वाला नहीं है। दुष्प्रचार की राजनीति अधिक समय तक नहीं चलती।

लोगों को याद होगा कि चंद लोगों का साथ लेकर विपक्ष की शह पर शाहीनबॉग आन्दोलन चंद दिनों के बाद ही नेस्तानाबूद हो गया था। वर्तमान समय में यही हाल कृषि विघेयक का विरोध कर रहे मुखौटा धारी किसानों का है। एक तरफदेश भर के किसान जहॉ अपने खेतों में जुटे है वही दूसरी तरफविपक्षी पार्टी के नेतृत्ववाली राज्य सरकार के इशारे में जुटे चंद किसान एवं किसानों के नाम पर बनाई गए मंच और कुछ राजनैतिक दलों के अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष सहयोग के बावजूद किसानों का आन्दोलन परवान नही चढ़ पाया है।

भारतबंद का आहवान भी लगभग बेअसर रहा है। वर्तमान समय में किसानों का जो आन्दोलन चल रहा है वह वाकई शाहीनबाग आन्दोलन की याद ताजा कर रहा है। ऐसे में देर सबेर इस आन्दोलन का पटाक्षेप भी शाहीनबॉग आन्दोलन की तरह होना तय है। वैसे ही हर आन्दोलन की एक मियाद होती है,आज नही तो कल यह आन्दोलन भी खत्म हो जाएगा। किसानों को इस बॉत पर जरूर गौर करना चाहिए कि हम 21 सदी के दौर से गुजर रहे हर क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति और बदलाव हो चुके है ऐसे में कृषि क्षेत्र में बदलाव को नकारा नही जा सकता।जहॉ तक सरकार का मानना है कि कृषि सुधार के लिए ये कानून जरूरी हैं। यही वजह है कि एनडीए ही नहीं यूपीए के कार्यकाल में इन सुधारों की बात की गई थी. शरद पवार की चिट्ठियों से ये बात जाहिर भी होती है। लेकिन, किसी राजनीतिक पार्टी के पास ऐसा करने की ना तो इच्छा शक्ति थी और ना ही संसद में वो नंबर थे। बीजेपी केंद्र में 300 से ज्यादा सीटों के साथ आई है. अगर कृषि सुधार वाले कघनून अब लागू नहीं हुए तो कभी लागू नहीं होंगे।

लोगों को याद होगा कि इससे पहले केंद्र सरकार संसद में भूमि अधिग्रहण बिल लेकर आई थी. उस पर उन्हें अपने पैर पीछे खींचने पड़े थे. उस वक्ष्त राहुल गांधी ने संसद में केंद्र सरकार के लिए श्सूटबूट की सरकारश् का नारा दिया था. इससे सरकार की बड़ी किरकिरी हुई थी. इन कघनूनों को प्रधानमंत्री से लेकर कृषि मंत्री तक अलग-अलग मंचों से बहुत क्रांतिकारी और किसानों के लिए हितकारी बता चुके हैं। इतना सब कुछ होने के बाद कानून वापस लेना सरकार की साख पर धब्बा लगने जैसा होगा।

यहाँ एक बात और समझने वाली है कि भूमि सुधार कघनून पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी केंद्र सरकार के साथ नहीं थी। लेकिन, इस बार आरएसएस से जुड़े किसान संगठन चाहे वो स्वदेशी जागरण मंच हो या फिर भारतीय किसान संघ इन कानूनों को किसान के हित में बता रहे हैं।केंद्र सरकार ने साल 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया है। उन्हें लगता है ये कानून उस वादे को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यानि सरकार का रूख स्पष्ट है कि सरकार इशारों और उकसाने वाले इस आन्दोलन के आगे किसी भी हालत में झूकेगी नही। वैसे कुछ किसान संगठनों को आगे कर अपना राजनीतिक उल्लू सीधा कर रहे विभिन्न विपक्षी दलों की ओर से यह कहने की कोशिश तो खूब की जा रही है कि नए कृषि कानून किसान विरोधी हैं, लेकिन वे यह साबित करने में नाकाम हैं कि आखिर ये कानून देश के किसानों के लिए अहितकारी कैसे हैं।

चूंकि उनके पास इस सवाल का कोई सीधा जवाब नहीं इसलिए वे यह माहौल बनाने में लगे हुए हैं कि मोदी सरकार किसान विरोधी है और पूंजीपतियों के हित में जनविरोधी नीतियां लागू करने में जुटी हुई है। क्या वास्तव में ऐसा है? क्या एक के बाद एक राज्यों के चुनावी नतीजे विपक्षी दलों के दावों को ध्वस्त नहीं करते? लोगों को याद होगा कि हाल में बिहार विधानसभा चुनाव के साथ-साथ मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों के उपचुनावों के नतीजे तो यही कह रहे हैं कि आम जनता का मोदी सरकार के प्रति भरोसा बढ़ता चला जा रहा है। इस बढ़ते भरोसे को गत दिवस राजस्थान के पंचायत और जिला परिषद चुनाव के नतीजे भी रेखांकित कर रहे हैं। इन चुनावों में भाजपा को उल्लेखनीय सफलता हासिल हुई। यह सफलता एक ऐसे समय हासिल हुई जब कृषि कानूनों के खिलाफहल्ला मचा हुआ था। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पंचायत चुनावों में ग्रामीण आबादी की अच्छी-खासी भागीदारी होती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लाज नारी की बचाती लेखनी दर्द की गाथा

लाज नारी की बचाती लेखनी दर्द की गाथा सुनाती लेखनी खींचता है जब दुशासन वस्त्र को द्रौपदी का पट बढाती लेखनी संस्कारों के जले पुतले जहाँ नर युवाओ को थुकाती लेखनी देश जाये जब पतन की राह पर मार्ग रोड़ो को हटाती लेखनी कब मिले फँसी किये अपराध की सत्य तथ्यों को छिपाती लेखनी। **डॉ. मधु त्रिवेदी**

नया संसद भवन बनने के बाद पुराने

नया संसद भवन बनने के बाद पुराने संसद भवन जहां से हम भारतीयों ने बेखौफ आज़ादी की घोषणा की जो स्वतंत्र भारत के इतिहास का साक्षी है को आम भारतीयों के लिए खोला जाय उसे विशाल संग्रहालय में तब्दील किया ।
एडवोकेट अरूण कुमार साहिल

ख़ास पाती

ये मान लिया हम तेरे काबिल

ये मान लिया हम तेरे काबिल ही नहीं है आज से हम तेरी दुनिया में शामिल नहीं है। हो तुमको मुबारक ये दुनिया जहां सारा हम बेवफा सही मगर संगदिल नहीं है। कब तक भला हम दिलपे इल्ज़ाम सहेंगे हम गुनहगार हैं मगर हम कातिल नहीं है। क्यों सोचते हो तुम मुझे कैद कर लोगे आसानी से किसी को हम हासिल नहीं हैं। तुम आज से अब अपना रस्ता ही मोड़ दो तुमको जहां जाना है हम वो मंजिल नहीं हैं। अच्छा हुआ के आपको इतनी खबर हुई जानिब है डूब जाना के हम साहिल नहीं हैं। **पावनी दीक्षित जानिब**

परेशां हो गया हूँ ज़िंदगी से सम्भालो

परेशां हो गया हूँ ज़िंदगी से सम्भालो लड़ पड़ूँगा मैं किसी से तुझे पाकर नहीं मिलता मुझे वो मज़ा आया है जो तेरी कमी से ये बोले जानवर जंगल में इक दिन हमीं अच्छे हैं अब तो आदमी से ज़ियादा रौशनी अच्छी नहीं है हुए हैं लोग अंधे रौशनी से ये मेरी ज़िन्दगी है यार लेकिन तू माँगेगा तो दे दूँगा ख़ुशी से न जाने क्या हुआ है यार मुझको किसी की बात करता हूँ किसी से तआरुफ़ है मेरा इतना सा राहुल उजाला हूँ लड़ूँगा तीरगी से। **राहुल कुम्भकार**

आंदोलन रत किसानों को चाहिए

आंदोलन रत किसानों को चाहिए कि अपनी मांगे विशुद्ध रूप से कृषि कानून तक ही सीमित रखें ताकि देशभर में आम लोग भी उनसे जुड़ सकें इसके हिसाब से ही पोस्टर और नारो का भी चयन करें तथा तय बिंदुओं के अतिरिक्त कोई अन्य बात धरने पर शामिल न हो पाए आप उस युग में आंदोलन कर रहे जहां समस्या को खत्म करने पर कम बल्कि समस्या को और जटिल करने का उपक्रम अधिक किया जाता है। **संत आर. थवाईत**

दबाकर जज्बातों को रहने से अच्छा

दबाकर जज्बातों को रहने से अच्छा, कुछ कहना ही बेहतर, मुस्कुराहट को दबाए रखने से अच्छा, खुलकर हँसना ही बेहतर, कब तक औरों की परवाह में खुद को भुलाए रखोगे तुम - यूँ खुद को भुलाए रखने से अच्छा, लापरवाह बनना ही बेहतर । **पूनम झा**

मन लौटे कभी भीतर की ओर

मन लौटे कभी भीतर की ओर,तो जीते-मरते एक मुलाकात हो जाये खुद से भी ।तुम जिद्दी थे सिद्धार्थ नहीं तो ये संसार कहाँ बनने देता है किसी को गौतम बुद्ध । संसार का काम है ,सीखे हुए को भुला देना।वो मुझे क्या सिखाएगा अब तो बस एक उम्मीद है कि एक शुभमुहूर्त ऐसा बने कि स्वतः भीतर से स्फुरित हो उठे, बुद्धम् शरणम् गच्छामि,,धम्मम् शरणम् गच्छामि!! **कल्पना मनोरमा**

एक बेल जरा सा सहारा पाकर भी

राजीव वर्मा

एक बेल जरा सा सहारा पाकर भी कहाँ से कहाँ चढ़ जाती है और हम इंसान लाख सहारे पाकर भी जमीं पर मुश्किल से ही चल पाते है। एक नन्हा सा पौधा आँधियों से लड़ जाता है और हम इंसा छोटी छोटी मुश्किलों से डर जाते है।

कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन में पंजाब

कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन में पंजाब व बिहार के किसानों की आय में जो बड़ा अंतर है उसे दूर करने की आवश्यकता ही नहीं समझी गयी। मोदी पारित किसान बिल से एमएसपी का फायदा लेकर सम्पूर्ण भारत के किसानों की आय पंजाब जैसे होगी तो दर्द व बड़े बिचौलियों को हो रहा है।
ओम प्रकाश जासवाल

QUIZ TIME

1) भारत में सबसे पहले किस राज्य में वैट कर लागू हुआ? (हरियाणा / दिल्ली)

2) प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना कब शुरू हुआ?

3) ब्रह्मण्ड में 'विस्फोटी तारा' कहलाती है?

4) अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा का निर्धारण किस वर्ष किया गया?

5) गणितीय भूगोल का प्रारम्भकर्त्ता कौन है?



Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) हरियाणा (2) 2009-10 (3) अभिनव तारा (4) 1884 (5) थेल्स

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, (वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 14 दिसम्बर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः 1687- ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (अब चेन्नई) में नगर निगम बनाया। 1799- अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन (प्रथम) का निधन। 1924- शोमैन के नाम से मशहूर फिल्मकार एवं अभिनेता शोमैन राजकपूर का जन्म। 1946- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। 1953- पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज का जन्म। 1983- जनरल एच.एम. इरशाद ने खुद को बंगलादेश का राष्ट्रपति घोषित किया। 1995- बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं ने पेरिस में डेटन संधि पर हस्ताक्षर करके साढ़े तीन साल से जारी बाल्कन युद्ध को समाप्त किया था। 1997- ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए विश्व के सभी देश सहमत हुए। 1998- तेइसवें काहिरा अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में तमिल फ़िल्म 'टेररिस्ट' में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। 2003- इराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को अमेरिकी सेना ने अपने कब्ज़े में ले लिया। 2003- मैक्सिको के मेरिदा में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने हस्ताक्षर किये। 2007- उत्तर और दक्षिण कोरिया के मध्य 50 वर्ष बाद रेल सेवा पुनः प्रारम्भ।

दैनिक नवप्रदेश

न्यूज गैलरी

आसमान में छाई बदली, मौसम में ठंडकता बढ़ी

लवन। रविवार की दोपहर से मौसम बदला और सर्द हवाओं ने एक बार फिर से क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ा दी हैं। अचानक आई मौसम में बदलाव के चलते किसानों की चिन्ता बढ़ा दी है। अधिकांश किसानों का धान अभी भी खेतों में पड़ा हुआ है, तो वही अधिकतर किसान खेतों में हार्वेस्टर मशीन से धान मिंजाई कर खलिहान में लाकर खुले में रखे हुए है। वही कुछ फसल को खलिहान में लाकर धान मिंजने की तैयारी में लगे हुए है। किसान खुले में रखे हुए धान की फसल को लेकर काफी चितिंत है। किसान धान को ढकने के लिए त्रिपाल, पॉलीथीन इत्यादि का सहारा ले रहे है। वही सोसायटियों में भी खुले आसमान के नीचे किसानों का धान पड़ा हुआ है, साथ ही समिति के द्वारा खरीदा गया धान भी खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। सोसायटी संचालकों द्वारा मौसम की स्थिति को भांपते हुए त्रिपाल ढांक दिये है। वही सर्द हवाओं ने एकदम से ठंड बढ़ा दी है। लोगों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। कल तक जो पारा तीस के ऊपर जा रहा था वह आज 25 तक पहुंच गया। मौसम के अचानक करवट लेने से जनजीवन प्रभावित रहा। रविवार की शांम से बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश होने से मौसम में परिवर्तन हो जाएगा। मौसम में ढठंकता बढ़ जायेगी।

ट्रैन से कटने से युवक की मौत

भाटापारा। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास अप लाइन पर ट्रैन से कटने से नयापारा वार्ड निवासी एक युवक की मौत हो गई है। शहर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनो को सौप कर आगे की कार्यवाही कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में थाना शहर प्रभारी डॉ जितेंद्र कुमार यादव ने बताया की शनिवार की सुबह लगभग साढे 8 बजे के आसपास अप लाइन खम्बा नम्बर 766/01 के ट्रैन से कटने से स्थानीय ईश्वर सिंह 42 वर्ष की मौत हो गई। पुलिस ने बताया की मृतक की मानसिक स्थिति कुछ ठीक नही थी।बहरहाल शहर पुलिस मर्ग कायम कर आगे की विवेचना कर रही है।

मुरता में हुआ गौ गोपाल व नंदी की स्थापना

नवागढ़। ग्राम पंचायत मुरता में गौ गोपाल एवं नंदी स्थापना में बतौर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे शामिल हुए। ग्रामवासियों एवं यदुवंशी ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत को 25 लाख से ज्यादा की विकास कार्यो सौगात दी साथ ही कोरोना वारियर्स का सम्मान भी किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुरता से दिल का नाता है। मुरता से मुझे बहुत प्यार और सम्मान मिला है। मुरतावासी जागृत है हर छोटे बड़े आयोजन में मुझे याद करते है। आज गौ गोपाल एवं नंदी स्थापना के आयोजन पर मुझे आमंत्रित किया उसके लिए उन्हें दिल से आभार। सरपंच एवं ग्रामीणों के विभिन्न मांगो पर उन्होंने आस्वस्त करते हुए कहा की मुरता की हर छोटी बड़ी मांग पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर गांव में लोग पहले सीसी रोड और भवन मांगते हैं मगर मुरता गांव के लोगों के द्वारा पहले मांग स्कूल भवन का किया और शिक्षा की ओर ध्यान दिया यह वास्तव में गांव की लोगों की शिक्षा के प्रति सजगता को दर्शाता है । मंच के माध्यम से नवीन हायर सेकंडरी भवन की स्वीकृति बहुत जल्द मिल जाने की बात कही। कार्यक्रम को नांदघाट कांग्रेस कमेटी ब्लाक अध्यक्ष सुशील साहू और सरपंच हेमंत साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सहोद्रा साहू , मोहिनी साहू, लोकेश साहू, चंद्रिका साहू, खोरबाहरा साहू, दीपक मिश्रा, बंशी यादव, हिरावन साहू, नामेंद्र साहू, चैतू यादव सहित पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

गुरु घासीदास जयंती पर मुनगेसर में निकलेंगी सतनाम शोभायात्रा व रैली

खरोरा। युवा सतनाम समाज मुनगेसर चंदखुरी फार्म की ओर से गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शुक्रवार 18 दिसंबर दोपहर 12 बजे से सतनाम शोभायात्रा व रैली निकाली जाएगी। युवा सतनाम समाज के अध्यक्ष ललित डहरिया ने बताया शोभायात्रा व रैली पंथी नृत्य, बाजे-गाजे के साथ धुमधाम से निकलेगी जिसकी रूट इस प्रकार है मुनगेसर बस्ती चौक से निकलकर मिनी माता चौक, इंदिरा चौक दुर्गा मंदिर, प्रायमरी स्कूल, बैंक कालोनी, चंदखुरी फार्म बाजार चौक, बजरंग चौक होते हुए पानी टंकी पास जैतखाम पहुंचेगी जहां पर जयंती समारोह आयोजित हैं। युवा समाज के संरक्षक डोमार बंजारे ने ग्राम के सभी लोगों को रैली में शामिल होने आमंत्रित किया है। तैयारी हेतु बैठक लिया गया जिसमें युवा सतनाम समाज के उपाध्यक्ष सुरज ढीढी, मेंघनाथ कुर्रे कोषाध्यक्ष पुनाराम डहरिया सचिव मुकेश कुर्रे मीडिया प्रभारी जितेन्द्र खुटे व कार्यकारिणी में संजू ढीढी, प्रकाश बंजारे के साथ गांव के लोग उपस्थित थे।

जिला पंचायत सीईओ ने शीघ्र ही अधूरे निर्माण कार्यो को पूरा करने के दिए निर्देश

भाटापारा। जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की ने जनपद पंचायत बलौदाबाजार जाकर जनपद स्तर के सभी योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा किया है। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित, नरवा,गरवा, घुरवा, बाड़ी, गोठान,मनरेगा,एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री अटल आवास योजना, पेंशन सम्बंधित योजनाओं एवं ग्रामीण यात्रिकी सेवा के द्वारा बनाये जा रहे पंचायत भवन,धान खरीदी केन्द्रों में चुबूतरा निर्माण कार्यो की समीक्षा किए है। इस दौरान उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को जिस जिस गाँव मे पंचायत विभाग का अधूरा निर्माण कार्य हुआ। उसे समय सीमा के भीतर निर्धारित अवधि में पूरा कर ले। अन्यथा उक्त अधिकारियों के खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साथ ही शासन की जनहित योजाना का लाभ हर जरूरतमंद ग्रामीणों को मिले इसकी जिम्मेदारी हम सब की है। हितग्राहियों के भी चयन में भेदभाव नही होना चाहिए यह भी सुनिश्चित करना हम सब की जिम्मेदारी है। इस दौरान बालौदाबाजार जनपद पंचायत सीईओ अनिल कुमार सहित पंचायत विभाग से सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ द्वारा दसरंगपुर धान ख़रीदी केंद्र, भोरमदेव शक्कर एवं पंडरिया कारखाना का निरीक्षण किया

कवर्धा। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा का पेराई सीजन 2020-21 जारी है। कारखाना के सुचारू रूप से पेराई संचालन हेतु पंजीयक, सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ तथा साथ ही विशेष सचिव सहकारिता विभाग के प्रभारी, श्री हिमशिखर गुप्ता के द्वारा आज भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

छत्तीसगढ़ में नई सरकार के दो साल पूरा होने पर दौड़ा छत्तीसगढ़, कलेक्टर ने प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरण किया

- युवाओं में वर्चुअल मैराथन दौड़ को लेकर भारी उत्साह, प्रतिभागियों में मिले टी-शर्ट
- छत्तीसगढ़ सरकार के 2 साल, बात हे अभिमान के छत्तीसगढ़ स्वाभिमान के

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के दो साल पूरा होने पर 13 दिसम्बर को वर्चुअल मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित होने वाले इस वर्चुअल मैराथन दौड़ के लिए अब तक प्रदेश भर के करीब 62 हजार प्रतिभागियों ने ऑनलाईन पंजीयन कराया है। कबीरधाम जिले में कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने आज यहां छत्तीसगढ़ में नई सरकार के दो साल पूरा होने पर आयोजित वर्चुअल मैराथन दौड़ में भाग ले रहे प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरण किया। युवाओं में वर्चुअल मैराथन दौड़ में को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस मैराथन दौड़ में दिव्यांग भी शामिल हो रहे है, जिन्हे टी-शर्ट वितरण किया। कलेक्टर ने जिला खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाडेय को इस आयोजन में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को सभी नियम और उन्हे अपनी फोटो व विडियों किस तरह से संबंधित वेबसाईड पर अपलोड करना है, इस सबंध में पूरी जानकारी देने के लिए कहा है। इस अवसर डिप्टी कलेक्टर श्री विपुल गुप्ता ने भी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हे टी-शर्ट भेंट किए।

कलेक्टर श्री शर्मा ने राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस वर्चुअल मैराथन में प्रदेशवासियों से कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए वर्चुअल मैराथन दौड़ के सफल आयोजन में सहभागी बनने की अपील की गई है।

वर्चुअल मैराथन दौड़ के प्रतिभागी कहीं भी समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे। प्रतिभागी घर, उद्यान, मैदान, सड़क या अन्य किसी सुरक्षित स्थान पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते दौडेंगे और दौडते हुए कुछ सेकेण्ड का वीडियो अथवा फोटो 13 दिसम्बर को सबेरे 6 बजे से 11 बजे तक हैशटैग रुतनदूपजीबींजजपेहंती के साथ फेसबुक व ट्वीटर पर अपलोड कर सकेंगे।

रजिस्ट्रेशन लिंक में वर्चुअल मैराथन दौड़ के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिकृत लोगो एवं स्लोगन की तस्वीर भी ऑनलाईन उपलब्ध है। वर्चुअल मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागी प्रिंटआउट निकालकर अपने सफेद रंग की टी-शर्ट पर चिपकाकर दौड़ते हुए वीडियो और फोटो लेकर हैशटैग कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री कन्यादान सामुहिक विवाह योजना गरीब बेटियों के लिए वरदान

- योजना की राशि बढ़कर अब 25 हजार रूपये
- 276 बेटियों के हाथ हुए पीले

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरीब माता-पिता के लिए बेटी का हाथ पीला करना किसी पुण्य कार्य से कम नहीं होता। हर मां-बाप की यही चाहत होती है कि अपनी बेटी की शादी धूमधाम, रीति-रिवाज और सम्मान से हो। लेकिन आर्थिक तंगी और गरीबी के चलते यह हमेशा संभव नही हो पाता, ऐसे में माता-पिता के सपने अधूरे रह जाते है। एक गरीब माता-पिता के लिए बेटी का विवाह बहुत अच्छे से सम्पन्न होना सपने साकार होने जैसा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत ऐसे ही गरीब बेटियों के सपने पूरा करने में भूपेश बघेल सरकार जुटी है। शासन के बागडोर संभालते ही गरीब बेटियों की चिंता करते हुए विवाह की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया। इससे बेटियों की शादियों में होने वाले खर्च का बोझ कम हुआ। छुरा विकासखण्ड के ग्राम सारागांव की रहने वाली तेजकुमारी सोरी इस योजना की साक्षी बनी है। बेहद गरीब और भूमिहीन परिवार से तालूख रखने वाली तेजकुमारी के परिवार में माता-पिता सहित दो भाई है। गरीबी के चलते माता-पिता के लिए एक बेटी के विवाह के बारे में सोचना भी चिंता बढ़ा देती थी। लेकिन इस योजना से उनकी चिंता कम हो गई। राजिम माघी पुन्नी मेला 2019 के दौरान मुख्यमंत्री कन्यादान सामुहिक विवाह में इनका पंजीयन किया गया। वहां रिती-रिवाज, परिवारजन और प्रदेश के मंत्री और जनप्रतिनिधियों के बीच धूमधाम से विवाह सम्पन्न हुआ। आज तेजकुमारी अपने ससुराल ग्राम कुसुमबुड़ा में अपने पति और परिवार के साथ खुशी से रह रही है। अभी उनका एक बच्चा भी है। तेजकुमारी बताती है कि इस योजना से उनकी माता-पिता की चिंता भी दूर हुई और उनके खुद के सपने भी पूरे हुए। उन्होंने इस योजना को गरीब बेटियों के लिए मुख्यमंत्री का अशीर्वाद बताया। योजना अंतर्गत जिले में 276 बेटियों के हाथ पीले हुए हैं। इसमें फिंगेश्वर विकासखण्ड के 36, छुरा के 57, गरियाबंद के 40, मैनपुर के 76 एवं देवभोग के 67 गरीब बेटियों के जीवन में नई खुशहाली आई है।

सरकार का दो वर्ष जिले व नगर में उपलब्धियों से भरा रहा

गंडई पंडरिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस शासन के दो वर्ष पूरा हो गया है। राजनांदगाँव जिला युवा कांग्रेस के महासचिव एवं नगर पंचायत गंडई के पार्षद दिलीप ओगरे ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें राजनांदगाँव जिला व खैरागढ़ विधान सभा क्षेत्र में हुऐ विकास कार्यों के जानकारी बताया है। ओगरे ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में 17 दिसंबर 2018 को कांग्रेस की सरकार बनी लगभग दो वर्ष पूर्व होने को है, प्रदेश में कांग्रेस शासन बनने से लेकर आज तक आदीवासी, किसान, मजदूर, महिला,युवा, गरीब, ब्यापारी सहित सभी वर्गों के लोग वर्तमान में समृद्ध व खुश है छत्तीसगढ़ के किसानपुत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने कई नये नये फैसले लिए और अपने घोषणा पत्र के वादों को अमल करते हुए पुरा किया जिसका पूरे प्रदेश भर में सकारात्मक संदेश मिल रहा हैं सरकार बनते ही किसानों की कर्जा माफ़से किसानों में खुशी की लहर देखने को मिला और किसानों के उपज को 2500 रूपये प्रति किवंटल के दर पर खरीद कर किसानों को दोहरा खुशी का उपहार दिया बस्तर में आदीवासी भाईयों की अधिग्रहण भूमि को वापस दिलाकर आदीवासी भाईयों का दिल जीता, 400 युनिट तक बिजली बिल माफगरीब परिवारों के लिए एक वरदान साबित हुआ, किसान भाईयों के 2 करोड़ 7 लाख का जल कर माफ किया सभी गरीब परिवारों को 35 किलो चावल, प्रदान किया जा रहा है।

वीरनारायण सिंह का सपना था गरीब, किसान और मजदूर रहे खुशहाल - नीलू चंद्रवंशी

कवर्धा।आज 10 दिसम्बर को जिला कांग्रेस कमेटी कबिरधाम के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी जी के नेतृत्व में कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने मिलकर शहीद वीरनारायण सिंह को याद करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी ने वीरनारायण के जीवनी को याद करते हुए कहा कि वीरनारायण सिंह का जन्म बलौदा बाजार अंतर्गत सोनाखान में हुआ था।वीरनारायण सिंह उस समय के अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित मालगुजार थे।वीरनारायण बचपन से ही साहसी और कर्तव्यनिष्ट थे।युवा अवस्था मे जब सोनाखान क्षेत्र में एक आदमखोर शेर आस पास के गांवों के लोगो को मारने लगा तब वीरनारायण सिंह अकेले अपने घोड़े पर सवार होकर उस आदमकद शेर को अपने तलवार से मार गिराया।नीलू चंद्रवंशी ने कहा कि वीर नारायण अपने नाम के अनुरूप ही वीर थे।उन्होंने अंग्रेजो से लोहा लिया और और अंग्रेजो के खिलाफ कड़ा संघर्ष करते हुए कई बार गिरफ्तारी दिया अंग्रेजी इनसे बहुत परेशान हो चुके थे जिसके कारण इन्हें अट्ठारह सौ सत्तावन में रायपुर के जय स्तंभ चैक में भारी भीड़ के सामने फांसी पर लटकाया गया वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं जो निस्वार्थ भाव से पूरे छत्तीसगढ़ के गरीब जनता की शान आदिवासी के लिए बहुत ही संघर्ष किया कार्यक्रम को गिरीश चंद्रवंशी जी प्रशांत परिहार जी सत्येंद्र वर्मा लोकेश्वर साहू मोहित माहेश्वरी शिव शंकर वर्मा जलेश्वर राजपूत ने भी संबोधित किया कार्यक्रम को मुकेश झारिया ने गति देते हुए मोहम्मद अजहर खान को आभार प्रदर्शन करने के लिए आज के कार्यक्रम में नीलकंठ चंद्रवंशी जितेन मानिकपुरी मुकेश झारिया शिव शंकर वर्मा प्रशांत परिहार गिरीश चंद्रवंशी तूकेश्वर साहू अजहर खान ,पांचू कोशरिया,पुरणनाथ योगी,सुशील चंद्रवंशी,जलेश्वर राजपूत,जलेश्वर यादव,कपिल श्रीवास , राजू कुर्रे,टीकम शर्मा,नीरज चंद्रवंशी,मनीष चंद्रवंशी,गोपाल चंद्रवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बाल विवाह रोकने में कामयाब हुई टीम

गरियाबंद। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई के टीम बाल विवाह को रोकने हरसंभव प्रयास कर रही है। विगत दिवस टीम को एक बाल विवाह रोकने में कामयाबी मिली है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के अनुसार फिंगेश्वर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सिर्रीखुर्द के खिलेश्वर पिता उत्तम साहू का विवाह उनके परिजनों द्वारा ग्राम कुरूद में तय किया गया था। बाल विवाह होने की मिली सूचना के अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई के टीम द्वारा बाल-विवाह की प्रारंभिक जांच की गयी। जांच उपरान्त लड़के की उम्र 20 वर्ष होना पाया है, जो कि विवाह की निर्धारित आयु सीमा से कम है। 11 दिसम्बर को को बारात प्रस्थान की सूचना पर बाल संरक्षण टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये मौके पर जाकर बारात रूकवाया गया। साथ ही वहां उपस्थित नागरिको को निर्धारित आयु सीमा के पश्चात् ही विवाह करने की समझाईश दी गई। टीम द्वारा इसकी जानकारी लड़के के माता-पिता सहमत हो गये और शादी को स्थगित कर दिया गया। इस संबंध मे बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा शपथ पत्र भी लिया गया है। इस कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम में परामर्शदाता श्री प्रेमशंकर यादव, ओआरडब्ल्यू श्री यशवंत कुमार ध्रुव शामिल थे। ज्ञात हो कि पंचायत स्तर पर पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति व नगरीय निकाय मे वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है।

बच्चों के अधिकारों के प्रभावी संरक्षण एवं बालश्रम निषेध के संबंध में बैठक संपन्न

गरियाबंद। जिले में बाल श्रम, अपशिष्ट पदार्थ और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के पुनर्वास के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 दिसम्बर से 15 जनवरी तक चलेगा। इस संबंध मे कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर के अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में बाल श्रम, कचरा बीनने और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के रेस्क्यू और सर्वे की करने संबंधी चर्चा की गई। कलेक्टर ने सर्वेक्षण अभियान को गंभीरता से लेते हुए पहचान किये गये बच्चों का सर्वेक्षण कर बाल कल्याण समिति के समक्ष अनिवार्यत प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि कोविड 19 के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हुये है उनमे से कुछ बच्चे बालश्रम व भिक्षावृत्ति की ओर जा सकते है ऐसे बच्चों को चिन्हांकित किया जाना आवश्यक है। हमें विशेष रूप से पंचर दुकान, होटल, ढ़ाबे व कारखानों मे विशेषकर अभियान चलाया जाना आवश्यक है। बालश्रम व भिक्षावृत्ति मे लिप्त बच्चों की सूची समय सीमा की बैठक मे अनिवार्यतः उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये जिससे उन बच्चों के उचित सुरक्षा/संरक्षण/देखभाल हेतु रणनीति तैयार की जा सके।

इस अभियान के तहत् बच्चों का सर्वे संकुल और वार्ड स्तर पर प्रभारी एवं नोडल अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के सर्वेक्षण और रेस्क्यू के बाद देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों की सूची महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय को प्रेषित की जाए। बैठक में बाल श्रमिकों के सर्वेक्षण के लिए होटल, रेस्टोरेंट, इंडस्ट्रीज, बड़े-बड़े कारखाने, ईंट भठ्ठे आदि में सर्वेक्षण किया जाए।

मैराथन 5136 पंजीयन के साथ राज्य में तीसरे स्थान पर

रन विथ छत्तीसगढ़ में गरियाबंद उत्साह के साथ दौड़ा

- कलेक्टर सहित अधिकारी आमजन और महिलाओं ने भी लगाई दौड़

गरियाबंद। राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण और जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित वर्चुअल मैराथन में गरियाबंद जिला ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । पंजीयन के मामले में 5136 पंजीयन कर जिला राज्य में तीसरे स्थान पर रहा । कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने अधिकारियों के साथ जिला कार्यालय भवन से डोंगरी गांव मोड़ तक लगभग 4 किलोमीटर की दौड़ लगाई ।जिले के पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल, अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया, जिलाधिकारी सहित कर्मचारी और

गांव, शहर के आम नागरिक और युवा उत्साह के साथ भाग लिया । नगर में युवाओं ने भाग तो लिया ही साथ-साथ गांव के युवाओं ने भी भाग लिया । छुरा विकासखंड के ग्राम रावणभाठा और ग्राम सारागांव की घरेलू कामकाजी महिलाओं ने भी इस दौड़ में हिस्सा लेकर' बात है स्वाभिमान की छत्तीसगढ़ के अभिमान की 'टैग लाइन को चरितार्थ कर दिया । आज रन विथ छत्तीसगढ़ हेस्टैग के साथ पूरा जिला वर्चुअल मैराथन में भाग लिया । जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल ने बताया कि पंजीयन के मामले में जिले ने तीसरे स्थान हासिल किया है जो यह दर्शाता है कि जिले के युवा और नागरिक उत्साही है । इसके अलावा लोगों ने सोशल मीडिया पर भी अपने पोस्ट शेयर किए पंजीयन करने वाले प्रथम 300 हितग्राहियों को टी-शर्ट भी प्रदान किया गया ।

कर्जमाफी, धान खरीदी, सुराजी गांव, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना से गांवों को मिल रही निरंतर शक्ति: सीएम भूपेश

■ **लोकवाणी का 13वीं का प्रसारण**

कांकेर। मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी के 13 वीं कड़ी में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दो वर्ष का कार्यकाल विषय पर प्रदेशवासियों से बात की। उन्होंने रेडियो वार्ता में कहा कि आम जनता, किसानों, आदिवासियों और कमजोर तबकों का सशक्तिकरण छत्तीसगढ़ के विकास मॉडल की प्रमुख विशेषता है। दो वर्षों में जनता की भावनाओं, आकांक्षाओं, उम्मीदों को आत्मसात कर शासन और प्रशासन को समाधान के विषयों में संवेदनशील बनाने का राज्य सरकार ने प्रयास किया।

श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के लिए कर्जमाफी, धान खरीदी, सुराजी गांव, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना जैसी अनेक योजनाएं लागू की, जिनसे गांवों को निरंतर शक्ति मिल रही है। इसके साथ ही साथ राज्य सरकार की नीतियों का उद्योग और व्यापार जगत में भी सकारात्मक असर दिखा है। कोरोना संकट काल में पूरा देश मंदी से प्रभावित था, जबकि छत्तीसगढ़ मंदी से अछूता रहा। मनरेगा, वनोपज खरीदी जैसी योजनाओं से बेरोजगारी की दर घटाकर दो प्रतिशत तक लाने का छत्तीसगढ़ में उदाहरण पेश किया। औद्योगिक इकाईयों में भी 1500 करोड़ रूपए का पूंजी निवेश हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमने अपने परंपरागत पर्वों, त्यौहारों का गौरव लौटाया। मुझे खुशी है कि हम उस परंपरा के वाहक हैं, जिसने हमेशा न्याय की अलख जगाए रखा। हमारे पास गांधी, नेहरू, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, मौलाना अबुल कलाम आजाद से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के सपनों का बड़ा फ्लक है। मुझे खुशी है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने हमारी उदार, समन्वयकारी, सद्भावी और विकासपरक नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और अभियानों पर अटूट विश्वास प्रकट किया और इन दो सालों को, न्याय की पुनर्स्थापना और विस्तार का समय बनाने में हमारी मदद की। उन्होंने कहा कि आम जनता का सशक्तीकरण, किसानों, आदिवासियों और कमजोर तबकों को ताकत देना हमारे विकास मॉडल की मुख्य विशेषता है। हम प्राथमिक क्षेत्र के साथ उद्योग, व्यापार जगत को भी सही दिशा में ले जाने में सफल हुए हैं। हमने छत्तीसगढ़ को ठोस अर्थव्यवस्था का गढ़ बनाने में हर क्षेत्र की-हर संभव भागीदारी सुनिश्चित करने की नीति अपनाई है। हम उद्योग और व्यापार में लगे लोगों को भी पूरा सम्मान देते रहेंगे और व्यापक खुलेपन के वातावरण में काम करेंगे। विगत दो सालों में 887 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, 15 हजार करोड़ रूपए का पूंजी निवेश और 15 हजार 400 लोगों को इन उद्योगों में रोजगार मिलना उत्साहजनक है। मनरेगा में 25 लाख से अधिक लोगों को हर रोज काम देने का उदाहरण है, बेरोजगारी दर 22 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत तक लाने का उदाहरण भी है। हमारी नई औद्योगिक नीति से आदिवासी अंचलों में भी तेजी से उद्योग लगेंगे और क्षेत्रीय विकास का मार्ग प्रशस्त होगा, वहीं रोजगार के नए-नए अवसर बनेंगे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा किसानों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय दिलाना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। चाहे कर्ज माफी हो या समर्थन मूल्य पर धान का भुगतान हो, नरवा-गरवा-घुरवा-बारी को बचाने की बात हो, सुराजी गांव योजना से हमारे गांवों को निरंतर मिल रही शक्ति की बात हो, राजीव गांधी किसान न्याय योजना हो, सस्ती या निःशुल्क बिजली देने का विषय हो, रोका-छेका की बात हो, हमने उन सारे पहलुओं पर ध्यान दिया है, जो तत्काल किसान और ग्रामीण हित में आवश्यक थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना तो प्रतीक है कि किस तरह हमने सर्वहारा के हक में एक साहसिक कदम उठाया है। गोबर बेचकर भी अगर कहीं धन कमाया जा सकता है, तो वह आज सिर्फ छत्तीसगढ़ में हो रहा है। हर माह औसतन लगभग 15 करोड़ रूपए की सरकारी खरीद हो रही है, जिसके कारण 4 माह में लगभग 60 करोड़ रूपए पशुपालकों के जेब में गए हैं। उन्होंने कहा कि हर विकासखण्ड में फूडपार्क, धान से एथेनॉल बनाने, लाख पालन को कृषि का दर्जा, वनांचल उद्योगों को विशेष पैकेज, लघु वनोपज की खरीदी 7 से बढ़ाकर 52 उपजों तक बढ़ाना जैसी दूरगामी प्रभाव वाली योजनाएं हैं। जिनका असर आगे चलकर दिखेगा। राज्य में कृषि और वानिकी उपजों का वेल्यू-एडीशन रोजगार, खुशहाली और समृद्धि के नये द्वार खोलेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लागू की गई राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, बस्तर के एक स्थान से शुरू होकर पूरे प्रदेश में फैल गई। एक वर्ष में मलेरिया मुक्त बस्तर और कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए लागू की गई योजनाओं से मलेरिया में 65 प्रतिशत कमी और कुपोषण में लगभग 14 प्रतिशत की कमी आई। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में ऊंची गुणवत्ता की शिक्षा दिलाने का इंतजाम किया गया है। कोरोना के दौरान स्कूलों को बंद रखने से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अभिनव योजनाएं लागू की गई।

भालू का शिकार तथा अंगो की अवैध तस्करी का मामला

आरोपी महिला को न्यायालय में किया गया पेश

कांकेर। बीते दिन काँकेर वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत पटौद में अज्ञात कारणों से भालू की मौत हो गई थी। जिस खेत मे भालू की मौत हुई थी।उसी खेत मालिक की पत्नी ने भालू की मौत के बाद उसके अंग की चोरी कर पास की खेत मे छूपा दिया गया था।जिसके बाद वन मंडल अधिकारियों की जांच पड़ताल के बाद उक्त आरोपी महिला की शिनाख्त की गई ।मिली जानकारी के अनुसार वनमण्डल कांकेर के परिक्षेत्र कांकेर अंतर्गत उप परिक्षेत्र पुसवाड़ा के पटौद परिसर के ग्राम बेवरती के खार में परसूराम पिता रतिराम के खेत में एक भालू के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग के अधिकारी द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर मौका निरीक्षण किया गया एवं परीक्षण उपरांत पंचनामा तैयार कर मृत भालू का पोस्टमार्डम कराया गया तथा परिसर रक्षक पटौद के द्वारा वन्यप्राणी भालू का अवैध शिकार तथा अंगो की अवैध तस्करी संबंधी अपराध के लिए पीओआर 12013/06 8 दिसम्बर को दर्ज किया गया। अपराध विवेचना के दौरान परिक्षेत्र अधिकारी कांकेर के द्वारा घटना स्थल में खून लगे 02 नग लकड़ी के टुकड़े बरामद किये गये, जिसके आधार पर अचानकमार टाईगर रिजर्व के डॉग स्कावड की मदद से अपराधि महिला को पकड़ा गया। जिनके द्वारा उक्त भालू के मांस एवं नाखून काटकर लाना कबूल किया गया। वन मण्डलाधिकारी कांकेर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी महिला को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

लोकवाणी की 13वीं कड़ी का प्रसारण

शासन की जनहितकारी योजनाओं से प्रदेशवासियों को विकास की ओर बढ़ने मिली शक्ति

बीजापुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपनी मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी के 13वीं कड़ी में राज्य सरकार के दो वर्ष कार्यकाल विषय पर प्रदेशवासियों से बात की। उन्होने रेडियोवार्ता में कहा कि राज्य की आम जनता, किसानों, आदिवासियों और कमजोर तबके के लोगों का सशक्तीकरण छत्तीसगढ़ के विकास मॉडल की प्रमुख विशेषता है। राज्य सरकार ने इन दो वर्षों में जनता की भावनाओं, उम्मीदों, आकांक्षाओं को आत्मसात कर शासन-प्रशासन को समाधान के विषयों पर संवेदनशील बनाने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की कर्जमाफी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, सुराजी गांव, गोधन न्याय योजना जैसी अनेक योजनायें लागू की। जिससे ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही राज्य सरकार की नीतियों का उद्योग तथा व्यापार जगत में भी सकारात्मक असर दिखा है। कोविड काल में जब पूरे देश में मंदी थी। वहीं छत्तीसगढ़ इस मंदी से अछूता रहा। मनरेगा, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वनोपज खरीदी जैसी योजनाओं से बेरोजगारी की दर को घटाकर दो प्रतिशत तक लाने का छत्तीसगढ़ ने उदाहरण पेश किया। औद्योगिक इकाईयों में भी 1500 करोड़ रूपए का पूंजी निवेश होने के फ्लस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने अपने पारम्परिक तीज-त्यौहारों का गौरव लौटाया। मुझे खुशी है कि हम उस परम्परा के वाहक हैं जिसने हमेशा न्याय की अलख जगाये रखा। हमारे पास गांधी, नेहरू, बाबा साहब अम्बेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, मौलाना अबुल कलाम आजाद से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के सपनों को साकार करने की क्षमता है। मुझे खुशी है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने हमारी उदार, समन्वयकारी, सद्भावी और विकासपरक नीतियों,योजनाओं- कार्यक्रमों और अभियानों पर अटूट विश्वास प्रकट किया और इन दो वर्षों को न्याय की पुर्नस्थापना तथा विस्तार का समय बनाने में राज्य सरकार की मदद की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता का सशक्तीकरण, किसानों, आदिवासियों और कमजोर तबके के लोगों को ताकत देना हमारे विकास मॉडल की मुख्य विशेषता है। हम प्राथमिक क्षेत्र के साथ उद्योग, व्यापार जगत को भी सही दिशा में ले जाने में सफल हुए हैं। हमने छत्तीसगढ़ को ठोस अर्थव्यवस्था का गढ़ बनाने में हरेक क्षेत्र की हरसंभव भागीदारी सुनिश्चित करने की नीति अपनायी है। हमारी नई औद्योगिक नीति से आदिवासी अंचलों में भी तेजी से उद्योग धंधे लगेंगे और क्षेत्रीय विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं रोजगार के नये अवसरों का सृजन होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि किसानों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। कर्जमाफी हो या समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन, नरवा-गरवा, घुरवा एवं बाड़ी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, सस्ती या निःशुल्क बिजली की सुलभता हमने सारे पहलुओं पर ध्यान दिया है, जो तत्काल किसानों, ग्रामीणों और निर्धन लोगों के हित में आवश्यक थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना से किसानों, पशुपालकों, चरवाहा, ग्रामीण, निर्धन व्यक्ति सभी को फायदा हो रहा है।

वर्चुअल मैराथन में शामिल हुए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं युवा

कांकेर। बात हे अभिमान के, छत्तीसढ़िया स्वाभिमान के, को साकार करते हुए कांकेर जिला वासी आज सुबह से विभिन्न स्थानों पर कोविड़-19 के नियमों का पालन करते हुए दौड़ लगाते दिखे, साथ ही मिडिया प्लेटफार्म जैसे -फेसबुक, ट्विटर में ''हैसटैग रन विथ छत्तीसगढ़'' में अपलोड भी किया गया। जले के जनप्रतिनिधि, अधिकारीग और युवाओं ने इस वर्चुअल मैराथन में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कांकेर विधानसभा के विधायक एवं संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी, जिला पंचायत के सीईओ डॉ.संजय कन्नौजे, एसडीएम कांकेर उमाशंकर बंदे सहित कई युवा ने आज सुबह वर्चुअल मैराथन में दौड़ लगाई।

उल्लेखनी है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशवासियों से कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए वर्चुअल मैराथन में प्रतिभागियों को अपने घर, उद्यान, मैदान, सड़क या अन्य किसी सुरक्षित स्थान पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दौड़ लगाने की अपील की गई थी और दौड़ लगाते हुए कुछ सेकेण्ड का वीडियो भी मीडिया प्लेटफार्म में अपलोड करने कहा गया था, इस अभियान में कांकेर जिला के 19 सौ से अधिक युवाओं ने भी उत्साह पूर्वक दौड़ लगाई।

सांसद मंडावी मंडल प्रशिक्षण शिविर योजना में हुए शामिल

■ **मोदी सरकार बनने के बाद भारत मे अत्यधिक बदलाव -मोहन मंडावी**

काँकेर। लोकसभा क्षेत्र के साँसद श्री मोहन मण्डावी काँकेर विधानसभा के एक दिवसीय प्रवास पर रहे।प्रवास के दौरान भाजपा कार्यालय कमल सदन अलबेलापारा काँकेर में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय मंडल प्रशिक्षण शिविर योजना के द्वितीय दिवस अवसर पर वक्ता के रूप में सम्मिलित हुये।मंडल प्रशिक्षण योजना के अवसर पर साँसद श्री मोहन मंडावी जी कहा कि केन्द्र मे नरेन्द्र मोदी जी सरकार बनने के बाद भारत मे अत्यधिक बदलाव हुआ है।जिससे आम जनता आत्मनिर्भर होकर स्वदेशी पर जोर दे रहे है पिछ्ले सात दशकों में भारत ने खाद्य,दुग्ध,सब्जी उत्पादन,सूचना तंत्र,वैज्ञानिक कार्य छमता जैसे अनेको क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के साथ लक्ष्य को हासिल किया है।कई पड़ोसी देशों से द्वारा लगातार घुसपैठ किया जा रहा है जिससे हमारी राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता में एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।कई आतंकी संगठन आपस मे मिलकर साजिस रचने में लगे हुए है।भारत ने जुलाई 2020 के बाद सीमा की परेशानीयो को बढ़ते देख 177 चीनी एप पर प्रतिबंध लगाया।भारत का चीन और पाकिस्तान के साथ हमारा सीमा विवाद बहुत पहले से है हमे लगातार चुनौतियाँ दे रहा है जिससे हमारी भारतीय समुद्री सीमाओं के लिए गंभीर समस्या है।साइबर आतंकवाद का खतरा भी बहुत ज्यादा बढ़ गया है।केन्द्र में भाजपा सरकार के गठन के बाद से भारत रणनीतिक सेनेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यामार और श्रीलंका के साथ मिलकर आपसी सहयोग को मजबूत कर रहा है।प्रधानमंत्री इन देशों का दौरा कर भारत के अनुकूल माहौल बनाने का प्रयास कर रहे है।मोदी जी सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किये जिससे अंतिम से अंतिम वयक्ति तक योजनाओ का लाभ मिल सके। इस अवसर पर हीरा मरकाम,सुषमा गंजीर,डॉ देवेन्द्र कुमार साहू,ललित गाँधी, दीपक खटवानी, अरुण कौशिक, गिरधर यादव, मीरा सलाम, शकुंतला जैन, जयंत अटभैया, अजय मोटवानी, ,किरण नरेटी, विवेक परते, जागेश्वरी साहू, विजयलक्ष्मी कौशिक, उगेश्वरी उइके, संजय सिन्हा,योगेश साहू, सुमन शर्मा, ,डॉ जे एम जैन,दिनेश रजक, मीना साहू, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पोषण पुर्नवास केन्द्र बना शिवानी नरेटी के लिए वरदान, कुपोषण को दी मात

कांकेर। जिले के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोयलीबेड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संचालित पोषण पुर्नवास केन्द्र कुपोषित बच्चो के लिए वरदान साबित हो रहा है, कुपोषित बच्चो को इस केन्द्र में नया जीवन मिल रहा है। पोषण पुनर्वास केन्द्र कोयलीबेड़ा में की गई देखरेख और संतुलित एवं पौष्टिक आहार से धुर नक्सल प्रभावित ग्राम हेतल की कुपोषित बालिका शिवानी नरेटी अब स्वस्थ्य हो चुकी है, उन्होंने मात्र 15 दिवस में अपना वजन बढ़ाकर कुपोषण को मात दे दी है।

जन्म के समय शिवानी का वनज 2.80 किलोग्राम था तथा समय के साथ-साथ वजन कम होते गया, पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती के समय उनका वजन मात्र 5.90किलो ग्राम था तथा भर्ती के बाद समुचित देखरेख, ईलाज और खानपान से शिवानी का वनज 15 दिन मे बढ़कर 6.84 किलोग्राम हो गया। पोषण पुर्नवास केन्द्र में इस बालिका को मितानिन के द्वारा लाया जाकर भर्ती कराया गया और फीडिंग डेमोस्टेउ्टर सुश्री प्रमिता के द्वारा अपनी निगरानी में रखा गया और प्रतिदिन उसका वजन लिया गया, इन 15 दिनों में प्रत्येक दिन बालिका के माता को सलाह दिया गया एवं खान-पान से संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी दी गई और उसे बताया गया कि किस प्रकार से घर में उपलब्ध खाद्य पदार्थो से रूचिकर भोजन तैयार किया जाय ताकि बच्चों में खाने के प्रति रूचि बढ़े।

पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती रहने के 15 दिवस बाद शिवानी नरेटी के स्वस्थ्य होने पर उनके घर वापसी के समय उसकी माता को प्रतिदिन 150 रूपये प्रोत्साहन राशि के हिसाब से 2250 रूपये प्रदान किये गये। अपनी बच्ची के स्वस्थ्य होने एवं किसी प्रकार से भी आर्थिक नुकसान नहीं होने पर खुशी का इजहार करते हुए शिवानी नरेटी की माता ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और अन्य कुपोषित बालक-बालिकाओं को भी पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कराकर अपने बच्चो को सुपोषित करने की अपील किया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

विधानसभा स्थापना दिवस...

पंचम विधान सभा के कार्यकाल के लगभग दो वर्ष पूर्ण होने को हैं। इन दो वर्षों में छत्तीसगढ़ विधान सभा ने श्रेष्ठ कार्यकरण को नई ऊंचाइयां देने का प्रयास किया हैं। राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा में 02 और 03 अक्टूबर 2019 को विशेष सत्र आहूत किया। इन दो दिवसों का सम्पूर्ण आयोजन बापू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित रहा। दो दिवसीय विशेष सत्र के माध्यम से जो चर्चायें हुई और जो कार्यक्रम हुए, उकसे माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को बापू को और करीब से जानने का अवसर प्राप्त हुआ, पक्ष और प्रतिपक्ष के मध्य एक सामंजस्य, सद्भावना और उच्च संसदीय संस्कार विधान सभा की कार्यशैली में रचा बसा हैं, इसका इससे प्रत्यक्ष उदाहरण और क्या हो सकता है कि आयोजन में पक्ष, प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही, यह छत्तीसगढ़ विधान सभा के लिए संतोष और गर्व का विषय है। निश्चित तौर पर इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा के आयोजन के इस निर्णय को सर्वत्र प्रशंसा मिली और इस उपलब्धि को भी हम अपनी पूर्व की अर्जित उपलब्धियों से कम नहीं आंकते।

पंचम विधान सभा के कार्यकाल में वर्ष 2019 के शीतकालीन सत्र के अन्तर्गत 26 नवम्बर 2019 को संविधान दिवस के अवसर पर सभा की कार्यवाही को भारतीय संविधान पर केन्द्रित रखा गया। सभी माननीय सदस्यों ने हमारे संविधान की विराटता, उद्देश्य और अपेक्षाओं को बड़े ही प्रमाणिक ढंग से सदन में रखा। इस चर्चा के माध्यम से संविधान के विषय में अपने विचारों और जानकारियों को सदस्यों ने साझा किया। मेरा विश्वास है कि संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित इस चर्चा से सदन के सभी सदस्य लाभांवित हुए और उसके दूरगामी परिणाम को उनके कार्य व्यवहार में भविष्य में अवश्य रूप से देखने को मिलेगा।

पंचम विधान सभा के कार्यकाल में ही 27 नवम्बर 2019 को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर आसंदी से यह व्यवस्था दी गयी की इस दिन सदन की सम्पूर्ण कार्यवाही छत्तीसगढ़ी भाषा में ही संपादित हो। आसंदी के इस निर्णय से राज्य में यह संदेश स्थापित हुआ कि छत्तीसगढ़ की पंचम विधान सभा अपनी लोकसंस्कृति, लोकपरम्परा और लोकाचार के प्रति सजग और गंभीर हैं। पंचम विधानसभा के लिए यह भी उपलब्धि का विषय है कि इस विधानसभा के कार्यकाल में ही छत्तीसगढ़ राज्य को उसका राजगीत प्राप्त हुआ। यह उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय नरेन्द्र देव वर्मा जी की कालजयी रचना ''अरपा, पैरी के धार, महानदी हे अपार, इन्द्रावती ह पखारे तोर पइयां, जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मईया'' गीत को राज्य विधान सभा ने सर्वमत से राजगीत के रूप में स्वीकार किया।

छत्तीसगढ़ विधान सभा स्थापना दिवस के अवसर पर इस उपलब्धि को रेखांकित किया जाना आवश्यक है कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य में राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों में, नेताओं में, सदन के बाहर और सदन में अद्भुत लोकतंत्रीय संसदीय संस्कार विद्यमान है। विचारधाराओं एवं सिद्धांतों में भले ही परस्पर मतभेद की स्थिति बिल्कुल भी नहीं हैं। इस उपलब्धि को मैं छत्तीसगढ़ राज्य की, अपनी विधानसभा की सबसे बड़ी उपलब्धि मान्यता हूं। 14 दिसम्बर 2000 से आज दिनांक तक सभा की कार्यवाही में मॉर्शल का उपयोग न होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इस उपलब्धि के लिए वर्तमान एवं पूर्व सभा के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ कि आप हमारे छत्तीसगढ़ राज्य में संसदीय मूल्यों को सुदृढ़ बनाने में सहभागी हैं।

विधानसभा स्थापना दिवस के अवसर पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि प्रथम विधान सभा से पंचम विधान तक हमारे राज्य में जो उत्कृष्ट संसदीय वातावरण बना हुआ है, इसका पूरा श्रेय सदन के सम्माननीय सदस्यों को ही जाता है। जिन्होंने पक्ष-प्रतिपक्ष की भूमिका से ऊपर उठकर अपनी दलीय प्रतिबद्धता के बावजूद प्रत्येक परिस्थितियों में सदन में परस्पर सम्मान, सौहार्द्र और समादर का भाव बनाये रखा। ईश्वर से मेरी कामना है कि हमारी छत्तीसगढ़ विधानसभा की यह विशिष्टता अनंत काल तक अनवरत बनी रहे।

सोशल मीडिया पर छाया ...

छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देकर लोगों के मन में अपनी संस्कृति और अस्मिता को लेकर गौरव का भाव फिर से जगाया।

श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के लिए कर्जमाफी, धान खरीदी, सुराजी गांव, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना जैसी अनेक योजनाएं लागू की, जिनसे गांवों को निरंतर शक्ति मिल रही है। इसके साथ ही साथ राज्य सरकार की नीतियों का उद्योग और व्यापार जगत में भी सकारात्मक असर दिखा। पूरा देश कोरोना संकट काल में मंदी से प्रभावित था, जबकि छत्तीसगढ़ मंदी से अछूता रहा। मनरेगा, वनोपज खरीदी जैसी योजनाओं से बेरोजगारी की दर घटाकर दो प्रतिशत तक लाने का छत्तीसगढ़ में उदाहरण पेश किया। औद्योगिक इकाईयों में भी 15 हजार करोड़ रूपए का पूंजी निवेश हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला। कृषि और वानिकी उपजों में वेल्यू-एडीशन के राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए प्रयासों से प्रदेश की समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे।

परंपरागत पर्वो, त्यौहारों का गौरव लौटा

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लोकवाणी में कहा कि हमने ऐसे इंतजाम किए कि छत्तीसगढ़ के लोगों के मन में अपनी परंपराओं, अपनी धरोहर, अपनी संस्कृति और अपनी अस्मिता को लेकर जो गौरव का भाव सदियों से था और जो राज्य बनने के बाद कहीं कमजोर पड़ गया था, उसे जल्दी से जल्दी वापस लाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान, एक लोक प्रदेश के रूप में है। हर अंचल की अपनी परंपराएं और संस्कृति हैं।

छत्तीसगढ़ की जनता ने विकासपरक नीतियों पर अटूट विश्वास प्रकट किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ भले ही अपने लोक रंगों में डूबता-उतराता रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ी चेतना, समन्वय और सद्भाव के साथ अन्याय के खिलाफ मुखर होने की रही है। 1857 के भी पहले अमर शहीद गैंदसिंह और उनके साथियों की चेतना ने आजादी का बिगुल फूंका था, जिसका विस्तार शहीद वीर नारायण सिंह तथा उनके बाद में भी पीढ़ी दर पीढ़ी होता रहा। मुझे खुशी है कि हम उस परंपरा के वाहक हैं, जिसने हमेशा न्याय की अलख जगाए रखा। हमारे पास गांधी, नेहरू, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, मौलाना अबुल कलाम आजाद से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के सपनों का बड़ा फ्लक है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

धान खरीदी केंद्रों में बारदाना की कमी से बढ़ेगी किसानों की परेशानियां

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। राज्य की भूपेश सरकार प्रदेश के छोटे बड़े सभी किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने का दावा कर प्रदेश भर में 90 लाख से ज्यादा टन धान खरीदने का टारगेट रखा है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता रवैया अपनाने के चलते भूपेश बघेल की मनसा को ग्रहण लगने की पूरी संभावना जताई जा रही है। क्योंकि किसान अपना धान समय से पहले बेचने के लिए सुबह से शाम धान खरीदी केंद्र पर बिता रहे हैं। लेकिबारदाना की कमी के चलते अब उन्हें और इंतजार करना पड़ सकता है। क्योंकि रोजाना 12 से 17 सौ क्विंटल धान खरीदी में बढ़ोतरी हो रही है। फिर भी बारदाना की आवंटन हालत जस की तस बनी हुई है। ऐसे में स्वाभाविक है धान खरीदी प्रभावित होगा कुछ धान खरीदी केंद्रों में बारदाना कमी की वजह से खरीदी बंद करने की नौबत भी

आ गई है। यही वजह है कि समिति प्रभारी पत्र पर पत्र अपने जिला अधिकारियों को भेज रहे हैं। ताकि समय से पहले बारदाना आवंटन किया जाए और किसान सुचारू रूप से धान बेच पाए बावजूद इसके अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे मे पूरे पंजीकृत किसान अपनी धान किस तरह दे सकते हैं । ऐसे और भी परेशानियों का सामना कर किसान अपनी धान लेकर खरीदी केंद्र पर पहुंच रहे हैं। टोकन से लेकर बारदाना तक के लिए अब किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा जिससे जिम्मेदार अधिकारी भी अच्छी तरह अवगत है। लेकिन बारदाना की कमी को दूर करने की जगह अपना अपना पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं । जिसे लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ साथ किसानों में भी रोष देखने को मिल रहा है। क्योंकि आज की स्थिति में भी समितियों में बारदाना नहीं पहुंचा है। जबकि बारदाना की किल्लत को लेकर समिति के जिम्मेदार बहुत पहले अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं ।

केंद्र का नाम	बारदाना आंबटन	उपयोग
देवभोग	20 हजार	15 हजार
लाटापारा	43 हजार	35हजार
झाखरपारा	44 हजार	22 हजार
दीवानमुड़ा	26हजार	पूरा उपयोग हो चुका है
रोहनागुड़ा	30 हजार	25 हजार
खोकसरा	26 हजार	14 हजार
झिरीपानी	22हजार	14 हजार 233

> खरीदी केंद्र पर बारदाना खत्म हो गया है और हमने उच्च अधिकारियों को अवगत भी कराया है
>
> **जितेंद्र कुमार,** खरीदी प्रभारी दीवानमुड़ा

गरीबा की खोज बनेगी किसानों के लिए वरदान

नीम की खली और तेल को बनाया प्रभावी कीट नाशक

भाटापारा। गरीबा केशरवानी, एक ऐसा नाम जो कीट प्रकोप से पीड़ित किसानों के बीच तेजी से जगह बना रहा है। इसलिए क्योंकि यह नाम पूरे भरोसे और विश्वास के साथ यह बता रहा है कि कीटनाशक के रूप में नीम का तेल और नीम की खल्ली का छिड़काव उन्हें कीट प्रकोप से छुटकारा तो दिला ही सकता है साथ ही कीटनाशकों की खरीदी पर की जाने वाली भारी-भरकम राशि के खर्च से निजात भी दिला सकती है।

ज्ञान, उपयोग और प्रयोग से हासिल अनुभव को अब उन खेतों मे जगह मिलने लगी है जहां कीट प्रकोप नियंत्रण से बाहर जा चुका है। विरासत में मिला यह ज्ञान किसानों तक पहुंचाने में लगे एक्सपेलर दुकान संचालक गरीबा केशरवानी ऐसे किसानों के लिए मजबूत सहारा बनते जा रहे हैं जो महंगे कीटनाशक के छिड़काव के बाद भी कीट प्रकोप से अपनी फसल नहीं बचा पा रहे हैं। गरीबा अब यह ज्ञान किसानों तक पहुंचाने में लगे हुए हैं कि किस तरह प्राकृतिक संसाधन की मदद से कीट प्रकोप से छुटकारा पाया जा सकता है। एक, सिर्फ एक चीज चाहिए। नीम की गुठली। इसे

पिराई करके निकाला गया तेल। बस और कुछ नहीं। तेल निकाले जाने के बाद बच जाने वाली नीम की खल्ली। इन दोनों का छिड़काव ही कीट प्रकोप से निजात दिला सकता है।

इसलिए प्राकृतिक कीटनाशक

नीम के तेल में विटामिन-ई, अमीनो एसिड और फेरिक एसिड जैसे गुणकारी तत्व होते हैं। इसकी वजह से कीट प्रकोप पर प्रभावी नियंत्रण करने में इसका तेल बेहद असरकारक पाया गया है। छिड़काव के लिए स्प्रेयर में पानी और नहाने के साबुन के घोल के साथ नीम का तेल मानक मात्रा में मिलाया जा कर उत्तम कीटनाशक बनाया जा सकता है। चूंकि इसमें अमीनो एसिड और फेरिक एसिड जैसे तत्व होते हैं इसलिए ये कीटनाशक का काम बेहद प्रभावी तरीके से कर पाने में सक्षम हैं।

खल्ली भी है काम की

एक्सपेलर में पिराई के बाद खल्ली को पाउडर बनाकर धूप के रूप में उपयोग करने पर मच्छर के प्रकोप से छुटकारा पाया जा सकता है। गरीबा बताते हैं कि ना केवल यह मच्छर ही दूर नहीं करता बल्कि फूल और सब्जी की खेती के साथ किचन गार्डन में भी प्राकृतिक कीटनाशक के रूप में डाली जा सकती है। जिसकी मदद से फूलों और पत्तियों में लगने वाले कीट प्रकोप से उन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। इस तरह नीम की गुठली से हासिल तेल और खल्ली दोनों प्राकृतिक कीटनाशक के रूप में सफल मानी जा चुकी है।

> नीम बहुपयोगी रासायनिक पदार्थ है जो कीट, जीवाणु, विषाणु, कृमि व फफूंद आदि की रोकथाम तथा उनसे उत्पन्न होने वाले रोग को नियंत्रित करने में प्रभावकारी है। नीम की खल्ली भी उपयुक्त है। प्रयोग में पाया गया है कि यूरिया को नीम की खली की कोटिंग देने से इसमें पाई जाने वाली नाइट्रोफिकेशन, फास्फोरस तथा पोटाश की अच्छी मात्रा होने के कारण इसे जैविक खाद का अच्छा स्रोत माना जाता है।
>
> **- डॉ. अजीत विलियम्स,** साइंटिस्ट, फॉरेस्ट्री, टी. सी. बी. कॉलेज ऑफएग्री एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

इस कीमत पर तेल और खल्ली

पिराई के साथ नीम तेल और खल्ली बेच रहे गरीबा बताते हैं कि 1 क्विंटल नीम गुठली से 30 किलो तेल और शेष मात्रा खल्ली के रूप में हासिल होती है। जो संग्राहक नीम की गुठली बेचने आ रहे हैं उनसे हासिल होने वाला नीम का तेल 200 रुपए किलो और नीम की खल्ली 25 रुपए किलो की दर पर बेची जा रही है। प्राकृतिक उपचार में भी सहायक मानी जा चुकी नीम तेल के लेप से चर्म रोग भी दूर किए जा सकते हैं। इस तरह विरासत और अनुभव से हासिल ज्ञान बांट कर गरीबा केशरवानी उन पीड़ित किसानों की मदद कर रहे हैं जो महंगे कीटनाशक के छिड़काव के बाद भी ऐसी समस्या से छुटकारा नहीं पा सके हैं।

जैविक खाद का प्राकृतिक स्रोत

नीम के तेल का उपयोग चर्म रोग, औषधि निर्माण, फसलों की रक्षा, यूरिया संरक्षण, दीपक जलाने, साबुन व सौंदर्य प्रसाधन के निर्माण में किया जाता है। इसी तरह नीम की खली एक मुख्य सह-उत्पाद के रूप में प्राप्त होती है जो पिराई के बाद 80-85 प्रतिशत तक प्राप्त की जा सकती है। इसमें प्रोटीन, शर्करा, वसा, रेशा के साथ नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश तथा राख में आयरन होते हैं।

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना शक्कर एवं पंडरिया कारखाना का किया निरीक्षण

कवर्धा। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा का पेराई सीजन 2020-21 जारी है। कारखाना के सुचारू रूप से पेराई संचालन हेतु पंजीयक, सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ तथा साथ ही विशेष सचिव सहकारिता विभाग के हिमशिखर गुप्ता के द्वारा आज भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के पश्चात पंजीयक द्वारा कारखाना के विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई तथा कारखाना में .षकों से भी उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। पंजीयक, सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा कारखाना में गन्ना पेराई, शक्कर उत्पादन, विद्युत उत्पादन, कारखाना में कार्य कर रहे कर्मचारियों एवं श्रमिकों की जानकारी ली गई एवं साटवेयर के समस्त मॉड्यूल का उपयोग करने के निर्देश दिये गये।

पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा .षकों की समस्याओं से भी अवगत हुए तथा .षकों हेतु .षक प्रतिक्षालय, पेयजल की व्यवस्था तथा सुलभ शौचालय की व्यवस्था तत्काल करने हेतु कारखाना प्रबंधन को निर्देशित किया गया। पंजीयक, सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ के द्वारा निरीक्षण उपरान्त कारखाना को अधिक से अधिक आय अर्जित करने हेतु विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया। पंजीयक द्वारा एथनॉल के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया गया एवं एथनॉल की प्रगति की समीक्षा की गई। पंजीयक सहकारी संस्थाए, छत्तीसगढ़ के निरीक्षण के दौरान मुकेश ध्रुव, संयुक्त पंजीयक, दुर्ग संभाग, डी.पी. टावरी, संयुक्त पंजीयक, मुख्यालय रायपुर, विकास खन्ना, सहायक पंजीयक, मुख्यालय रायपुर, भूपेन्द्र कुमार ठाकुर, प्रबंध संचालक पंडरिया पाटले, संचालक, आकाश दीप पात्रे, महाप्रबंधक (प्रशा.) एवं कारखाना विभिन्न प्रबंधकीय अधिकारी एवं कारखाना के कर्मचारी उपस्थित थे।

कसान बिल के समर्थन में प्रेस वार्ता करेंगे नीलू शर्मा

बेमेतरा। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पारित कृषि कानून के मसले पर भारतीय जनता पार्टी अब फ्रंटफुट पर खेलने की तैयारी में है. पार्टी देश के अलग-अलग जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस और चौपालों का आयोजन कर कृषि कानून के फायदे गिनाएगी.इसी को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बेमेतरा में दोपहर 12.30 बजे प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा कृषि बिल के समर्थन में प्रेस वार्ता करेंगे।

सेवा सुगंधम संस्था ने सफाई कर्मचारी, मितानिन एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों का किया कोरोना योद्धा सम्मान

भाटापारा। भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में सेवा सुगन्धम समाज कल्याण समिति रायपुर के द्वारा कोरोना काल के संकट के समय मे भाटापारा शहर को साफ रख कर लोगो को कोरोना से बचाने के लिए संकल्पित सफाई कर्मचारी जिनका हमेशा सम्मान होने वाली कड़ी में ध्यान नही रखा जाता ऐसे पिछड़े लोगो का सम्मान किया गया वही सम्मान के इस कार्यक्रम में वार्ड की मितानिन जो अपने वार्ड मे एक सहेली की तरह वार्ड के लोगो के स्वास्थ्य के प्रति , गर्भवती महिलाओ की सुरक्षा एवं अस्पताल का इलाज मुहैया कराना , समय समय पर सरकार की योजनाओ की जानकारी एवं लाभ दिलवाने वाले मितानिनो का सम्मान किया गया । प्रमुख रूप से अपनी जान जोखिम मे डाल कोरोना संकट काल मे खुद कोरोना जैसे वायरस से बचाव करते हुए लोगो को जागरूक कर उनको भी इस कोरोना जैसे बीमारी से बचाते हुए कोरोना योद्वा बन काम करने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं डॉक्टरों का सम्मान सेवासुगंधम संस्था ने किया । लगभग 300 लोगो का सम्मान किया गया । सेवा सुगंधम के इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे छत्तीसगढ निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल , नगर पालिका परिषद भाटापारा अध्यक्ष प्रतिनिधी सुनील गुप्ता , सफाई एवं स्वास्थ्य विभाग सभापति रोहीत साहू ,वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी श्याम रतन मुंधड़ा, पुर्व पार्षद नानु सोनी , बीएमओ भाटापारा डॉ.राजेश अवस्थी,डॉ आरएन दास,आडील हॉस्पीटल डॉ विकास आडिल, फिजियोथेरेप्स्टि डॉ सुधाकर शर्मा, शरद खरे शामिल हुए। सेवा सुगंधम समाजिक कल्याण समिति के इस कार्यक्रम का आयोजन टीकेन्द्र उपाध्याय ने किया जिसमे शैलेंद्र देवांगन, सत्यनारायण पटेल, विनोद जाधव, अनामिका जाधव, धवल ढाबलिया, अमृत साहू, पवन यादव का विशेष योगदान मिला। कार्यक्रम मंच संचालन कोमल शर्मा ने किया।

अतिथीयो ने संबोधन मे संस्था की सोच का अद्वितीय बताया वही मितानीनो एवं सफाई कर्मचारियो ने संस्था के कार्य को हौशला बढ़ाने वाला काम बताया

सेवा सुगंधम के संचालक टिकेंद्र उपाध्याय ने समाज सेवा के क्षेत्र मे लगातार कई आयोजन करवाए जिसमे इससे पहले पुलिस कर्मचारी एवं पत्रकारो को भी कोराना योद्वा सम्मान दिया है वही ऐसे लोग जो इस सम्मान के सही हकदार है जिन्होने कोरोना काल मे जमीन से जुड़कार काम किया और कोरोना के रोकथाम के लिए अपना कर्तव्य निभाया है।

भौतिक निरीक्षण करने पहुंचे गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास

- झाल स्थित गौशाला को शेड हेतु 5 लाख
- कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिला अध्यक्ष बंशी पटेल के नेतृत्व में विश्रामगृह में स्वागत एवं मुलाकात
- पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा निर्वाणी के घर मिलने पहुँचे गौसेवा आयोग के अध्यक्ष

बेमेतरा । झाल स्थित गौशाला में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष भूपेश मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त दुधाधारी मठ के महंत राम सुंदर दास भौतिक निरीक्षण के लिए पहुँचे।

गौशाला में शेड निर्माण के लिए गौसेवा आयोग के अध्यक्ष ने 5 लाख रुपये की अनुदान राशि गौशाला को जारी किये थे, जिससे गौशाला संचालक करपात्री महाराज के शिष्य भागवताचार्य प्रमोद शास्त्री ने नवीन शेड का निर्माण गौ शाला में स्थित गायों के लिए कराया था, शेड के भौतिक निरीक्षण के लिए अधिकरियों सहित अध्यक्ष पहुचे थे, गौशाला संचालक प्रमोद शास्त्री जी ने बताया कि शासकीय पंजीयन के बाद भी कभी पूर्ववर्ती सरकारों में लंबे से कोई अनुदान नही मिला, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे से एक चर्चा के दौरान व्यथा बताई थी और फिर तुरंत नव नियुक्त गौसेवा आयोग के अध्यक्ष ने 5 लाख की अनुदान राशि स्वीकृत कर दी, उन्होंने इसके लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार और सरकार में बैठे लोगों की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

अपने उद्बोधन के दौरान महंत राम सुंदर दास ने कहा कि भूपेश बघेल ने जब वह मुख्यमंत्री नही थे तब यह नारा दिया था गरुआ, नरवा, घुरूवा, बाड़ी, आज मुख्यमंत्री बनने के बाद उसे सफल क्रियान्वयन में जुड़े है, विश्व की कोई ऐसी सरकार नही जो गौ माता के गोबर को 2 रुपये किलो की दर से खरीद रही हो, गौसेवा आयोग अब नाम का नही बल्कि काम का आयोग है, गौ माता के प्रति हमारी आस्था सिर्फ बतलाने के या कहने की नही बल्कि दिल से सेवा करने की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंशी पटेल, ललित विश्वकर्मा, टी आर जनार्दन, जावेद खान, लुकेश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अवनीश राघव, हितेंद्र साहू, संतोष साहू, रामविशाल साहू सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने महंत राम सुंदर दास का विश्राम गृह में फूल मालाओं से स्वागत किया।

झाल के गौशाला निरीक्षण के उपरांत महंत राम सुंदर दास पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा निर्वाणी के निवास पर गए, जहां पूजा की थाल लेकर प्रभा निर्वाणी, जनपद उपाध्यक्ष रितेश शर्मा, ममता शर्मा, लता, ह्रदयनारायण निर्वाणी अधिवक्ता ने परंपरागत तरीके से अभिनंदन किया।

भाजपा ग्रामीण की बैठक संपन्न

भाटापारा। जिस कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल में कृषि सुधार बिल संसद में प्रस्तुत किया गया था और जिस के मंत्री कपिल सिब्बल ने इसके समर्थन में संसद में गंभीर एवं आक्रोश जन टिप्पणी की थी आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इसे लागू करने के लिए तैयार हुई तो वही कांग्रेश आज विरोध में खड़ी हो गई है उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं के मध्य कहीं श्री शर्मा ने कहा कि यही नहीं इनके कृषि मंत्री रहे शरद पवार ने इसी कृषि बिल को लागू करने के लिए कांग्रेश शासित मुख्यमंत्रियों को पत्र भी लिखा था और इनके तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के तत्कालीन सांसद अजय माकन को बगल में बैठा कर प्रेस वार्ता भी की थी

श्री शर्मा ने कहा कि दरअसल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से देश उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर हो रहा है उससे समाप्ति की ओर बढ़ रही कांग्रेस पार्टी को अंदेशा होने लग गया है कि अगर राजनीति में जिंदा रहना है तो भाजपा केके कार्यक्रम का विरोध अगर नहीं किया गया तो उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा जबकि देश में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने किसानों के खाते में सीधे प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत सीधे किसानों के खाते में हर साल ?6000 देने की व्यवस्था की है और जब सन् 2019 में इसकी शुरुआत हुई तो कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष दल यह अफवाह उड़ाने में लगा था कि 2019 के चुनाव को देखते हुए इसे लागू किया गया है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2020 में भी राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी यही नहीं किसानों के लिए फसल बीमा योजना , पहले तो एक दो फसलों की सरकार खरीदी करती थी आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फसलों की खरीदी की व्यवस्था कर रहे हैं

बैठक प्रभारी एवं जिला विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्षधनंजय साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो प्रदेश की भूपेश सरकार केंद्र सरकार के कृषि सुधार मिलकर विरोध कर रही है पहले वह अपने प्रदेश में किसानों को दी जा रही सुविधाओं को देखें अभी तक किसानों को उनके बोनस की पूरी राशि नहीं मिली है धान खरीदी के नाम पर किसानों के खेत का रकबा कम किया जा रहा है धान खरीदी केंद्रों में खरीदी के नाम पर किसानों से अवैध वसूली की जा रही है और उसी के प्रताड़ना की वजह से सदमे के मारे किसान मौत की आगोश में सो रहे हैं प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है गांव गांव में शराब बिकने की वजह से आए दिन गांव में भी अपराध बढ़ रहे हैं ग्रामीण जनों कोपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मारकंडे वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश यदू एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष परस देवांगन ने भी संबोधित किया इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह सोनी जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू प्यारे रजक पवन वर्मा, रवि आडिल सतीश सोनी रोशन साहू सेव क राम, प्रमोद निषाद सुरेश वर्मा लेख राम वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे

सांसद संतोष पांडे ने किया गुड फैक्ट्री का उद्घाटन

कुंडा। संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय विगत दिनों क्षेत्र के दौरे के साथ-साथ कुंडा के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नकुल सिंह ठाकुर के तेरहवीं कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने पहुंचे एवं परिवार जनों से मुलाकात कर उन्हें परिवार एवं पार्टी के लिए समर्पित स्वर्गीय नकुल सिंह ठाकुर के कार्यो को अपूरणीय क्षति बताया। साथ ही क्षेत्र में ग्राम हथमुड़ी में संचालित जय अंबे गृह उद्योग फैक्ट्री का पूजा कर, फीता काटकर, विद्युत का बटन चालू कर फैक्ट्री का उद्घाटन भी किया। फैक्ट्री के संचालक बालमुकुंद चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान कर स्वल्पाहार कराकर आशीर्वाद लिया।

निधन

शुशीला अग्रवाल

भाटापारा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल के अनुज सुशील अग्रवाल की धर्मपत्नी सुशीला अग्रवाल उम्र 58 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। वे अंकित अग्रवाल और सीए नीलम अग्रवाल की मां थी जिन का अंतिम संस्कार हिंदू मुक्तिधाम में रविवार की शाम 4:00 बजे किया गया जिसमें कि बड़ी संख्या में भाजपा पार्टी एवं उनके सामाजिक एवं पारिवारिक लोग शामिल हुए।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं WARISHALI S/O LATIF ALI निवासी - H.NO.-62, WARD-22, CAMP-01, SHANTI PARA, BHILAI, DISTT.- DURG (C.G.) 490001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MUMTA ALI S/O LATIF ALI रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MUMTA ALI S/O LATIF ALI से ही जाना पहचाना जावे।

MUMTA ALI
H.NO.-62, WARD-22, CAMP-01, SHANTI PARA, BHILAI, DISTT.- DURG (C.G.) 490001

यूको बैंक UCO BANK | तेलीबांधा शाखा, रायपुर (1835), छत्तीसगढ़
फोन: 0771-2423186, ई-मेल: teliba@ucobank.co.in

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के (नियम 8 (1)) के तहत्

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यूको बैंक, मंडल कार्यालय, रायपुर का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था । ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत् उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता(ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

ऋणी / बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. स.	ऋणी/गारंटर एवं बंधककर्ता का नाम व पता	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / कब्जा के प्रकार	मांग सूचना तिथि को बकाया राशि
01	श्रीमती कोमल धमीजा, पति स्वर्गीय सुनील प्रकाश धमीजा पता- फ्लैट नंबर 606, 6 वीं मंजिल, श्रीराम हाइट्स, सेंट जेवियर स्कूल रोड, अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)	आवासीय मकान स्थित खसरा नं.- 547/3, फ्लैट नं. 606, 6वीं मंजिल श्रीराम हाइट्स, रेल्वे क्रासिंग के पास, सेंट जेवियर स्कूल रोड, मौजा- तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल - 689 वर्गफीट, सीमाएं: उत्तर में - स्वाई क्रियेशन में अपेक्षा की भूमि, दक्षिण में-सीढ़ी, पूर्व में- श्याम प्रमोटर्स की भूमि, पश्चिम में- फ्लैट नं.-605.	दिनांक 08.07.2019 / दिनांक 09.12.2020 / सांकेतिक कब्जा	रू. 13,34,316/- + ब्याज देय + अन्य खर्चा
			उप रजिस्ट्रार ऑफिस रायपुर में बिक्री विलेख पंजीकृत बुक नंबर - ए1, वॉल्यूम नंबर - 49223, क्रमांक-5731, पृष्ठ 1 से 17 दिनांक: 31.12.2010.	

दिनांक: 14.12.2020, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

प्रदेश में खुलेंगे 100 नए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल

चिरमिरी में मेडिकल कालेज स्थापना के लिए भी तैयार होगा प्रस्ताव

नव प्रदेश संवाददाता

कोरिया। कोरिया जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने चिरमिरी में नवनिर्मित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के गरीब और दूरस्थ अंचलों के बच्चों की पढ़ाई के लिए अगले एक साल में एक सौ नये इंग्लिश स्कूल और सुरु करने की जानकारी दी। गरीब परिवार के बच्चों की भी अंग्रेजी मीडियम के अच्छे स्कूलों में पढ़ने और आगे बढ़ने के सपने को साकार करना सरकार की प्राथमिकताओं में है। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर चिरमिरी में डाक्टरी की पढ़ाई के लिए नए मेडिकल कालेज खोलने का प्रस्ताव तैयार कराकर केंद्र सरकार को भेजने की भी बात कही।

चिरमिरी के गोदरीपारा में बने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के भव्य भवन का भी अवलोकन किया और स्कूल की छत से अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ चिरमिरी की पहाड़ियों-घाटियों के प्राकृतिक सौंदर्य का दर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्कूल के नवनियुक्त टीचर और प्रवेषित बच्चों से भी मुलाकात की। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री डॉ शिव डहरिया, मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, मंत्री उमेश पटेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव एवं विधायक बैकुण्ठपुर श्रीमती अंबिका सिंहदेव, विधायक मनेन्द्रगढ़ डॉ विनय जायसवाल, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक भरतपुर-सोनहत गुलाब कमरो, नगर निगम चिरमिरी की महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे ।

विकास में आड़े नहीं आयेगी पैसों की कमी

स्कूल परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने कोरिया सहित पूरे प्रदेश के समग्र विकास का अपना संकल्प दोहराया। उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, बैकुण्ठपुर सहित पूरे कोरिया जिले के विकास के लिए पैसों की कमी कभी आड़े नहीं आयेगी। जनता की मांग और आवष्यकताओं के हिसाब से विकास कार्य कराये जायेंगे। जनप्रतिनिधियों की मांग पर चिरमिरी को हिल स्टेशन के रूप में पर्यटन की दृश्टि से विकसित करने की योजना बनाने की बात भी मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कही। उन्होंने राज्य सरकार के अधीन आने वाली जिले की सड़कों की मरम्मत और नई सड़कें बनाने के लिए भी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कराने पर अपनी सहमति दी।

55 लाख रूपये की लागत से बना है चिरमिरी का भव्य स्कूल

जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी में अंग्रेजी माध्यम के इस स्कूल को डीएमएफमद से 4 करोड़ 55 लाख रूपये की लागत से लावलीहुड कालेज के लिए बनाया गया था जिसे कम आवश्यकता होने की बात कहकर अधिकारियों ने विधायक की मांग पर इसे इंग्लिश मीडियम स्कूल के रूप में बनाने की पहल की । इस सर्वसुविधायुक्त विद्यालय में 1 प्राचार्य कक्ष, 1 स्टाफकक्ष, 12 अध्यापन कक्ष, 1 हॉल, मध्यान्ह भोजन हेतु रसोई घर सहित 1 हॉल, पृथक-पृथक प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कम्प्यूटर, 7 बालक व 7 बालिका सोचालय , 7 बालक युरिनल, 7 बालिका युरिनल, 1 दिव्यांग व 4 स्टॉफटॉयलेट व पेयजल व्यवस्था हेतु रनिंग वाटर, लगभग 5 एकड़ परिसर का खेल मैदान एवं अहाता, 50 सीटर सर्वसुविधायुक्त छात्रावास जिसमें अधीक्षक कक्ष, अतिथि कक्ष शामिल है। यहां शिक्षकीय व गैर शिक्ष किय पदों पर संविदा भर्ती की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। आनलाईन क्लास के माध्यम से शिछा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। यहां कक्षा 1 से 12 तक की अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई की समुचित व्यवस्था की गई है। चिरमिरी के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में इस वर्ष कुल 375 बच्चों ने नियमित रूप से अध्ययन हेतु प्रवेश लिया है।

मसूरी और दून के स्कूलों की तर्ज पर विकसित हो सकता है चिरमिरी का स्कूल

मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के भवन और परिसर अवलोकन करने के बाद कहा कि यह स्कूल मसूरी और देहरादून के स्कूलों की तरह विकसित हो सकता है। चिरमिरी की आबो हवा और प्राकृतिक सौंदर्य इसके लिए बहुत अनुकूल है। परिसर में सुविधाओं को बढ़ाकर हम इसे एक अच्छे पर्वतीय क्षेत्र के स्कूल की तरह विकसित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के इस वक्तव्य ने स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के मन में स्कूल के विकास की नये सिरे से योजना बनाने का विचार भर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार के बच्चों को अच्छे स्कूलों में अच्छे माहौल में बेहतर शिक्षा के लिए सरकार ने ऐसे 52 स्कूल पूरे प्रदेश में सुरु किये हैं। छत्तीसगढ़ की महान विभूति और राश्ट्रपिता महात्मागांधी के बुनियादी विचार के पक्षधर स्वामी आत्मानंद के नाम पर इन स्कूलों का नामकरण इन्हें अलग ही पहचान देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इन स्कूलों में दाखिले के लिए स्वीकृत सीटों से दो-तीन गुने आवेदन मिल रहे हैं। स्कूलों में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए बड़ी प्रतिस्पर्धा है। हर कोई अपने बच्चों को इन्हीं स्कूलों में पढ़ाना चाह रहा है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए सरकार ने अगले एक साल में एक सौ नये विद्यालय और खोलने की भी योजना बनायी है। हर विकासखण्ड में एक-एक ऐसे सुसज्जित अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने के लिए सरकार अगले वर्श कार्ययोजना पर अमल करेगी।

अंतर्राज्यीय गैंग के 5 आरोपी गिफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

गुण्डरदेही। गुण्डरदेही ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मोगरी निवासी प्रार्थी गौकरण लाल सोनबोइर रिटायर्ड शिक्षक जिसके मोबाईल नंबर पर अज्ञात मोबाईल नंबर 6291798977 द्वारा कॉल कर जिला सहकारी मर्यादित बैक से बोल रहा हूँ कहकर प्रार्थी का ए टी एम कार्ड का नवीनीकरण करना है कहकर प्रार्थी के 16 अंकों का ए टी एम कार्ड नंबर सी वी वी नंबर और ओटीपी पूछकर उसके अलग अलग खातों से 5.47 लाख रुपये निकल कर धोखाधड़ी किया गया था जिस पर थाना गुण्डरदेही में अपराध क्रमाक 445 /2020 धारा 420 भादवि 66 डी.आई टी एक्ट में आकायम कर विवेचना में लिया गया पुलिस की सक्रियता एवं त्वरित कार्यवाही से 2.50 लाख रुपये प्रार्थी के खातों में वापस कराया गया था साईबर क्राईम की गम्भीरता को देखते हुए बालोद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी. आर पोर्ते के मागदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिनेश सिन्हा के पर्वेक्षण में विशेष टीम गठित कर थाना गुण्डरदेही थाना प्रभारी रोहित मलेकर सहायक उपनिरीक्षक पी आर साहु प्रधान आरक्षक राम प्रसाद गजभिये महिला प्रधान आरक्षक लता तिवारी आरक्षक विपिन गुप्ता आरक्षक सलेद्र सिंह महिला आरक्षक अनिता साहु आरक्षक पूरन देवांगन आरक्षक आकाश सोनी आरक्षक सुमित पटेल जमताडा झरखंड रवाना किया गया था। जिसमें प्रकरण के 05 आरोपियो को पकड़ने मे बालोद पुलिस को सफ्लता मिली है। एटीएम फ्राड के आरोपियों को पकडने जिला जमताडा झारखण्ड रवाना किया गया था। प्रार्थी से ठगी की गई रकम पेटीएम, मोबीक्वीक, एरोऑन पे, एस बैंक के माध्यम से अलग-अलग बैंक खातों मे ट्रांसफर किया गया था सायबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्य प्राप्त कर आरोपियो का लोकेशन जिला जमताड़ा झारखण्ड मिलने पर टीम द्वारा जिला जमताडा में जाकर 09-10 दिन तक कैम्प लगाकर ग्रामीण वेशभूषा में रहकर पुलिस के जवानो द्वारा संदिग्धों पर लगातार निगाह रखा गया।

किसान की हृदयघात से मौत मामले में डॉ. रमन सिंह ने फिर कांग्रेस सरकार पर साधा निशान

कहा-सरकार अपनी जिम्मेदारी से भागती है

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने प्रदेश में एक किसान की हृदयघात से मौत मामले में एक बार फिर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। डा. सिंह ने ट्वीट कर इस मामले में कहा कि कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, कमिशनखोरी, अराजक सिस्टम किसानों की जान लेने पर उतारू है। हर दिन किसानों की मौत की खबर आती है , लेकिन कांग्रेस सरकार उन्हें पागल, नशेड़ी बताकर जिम्मेदारी से भाग जाती है। राजनांदगांव जिले के घुमका खरीदी केन्द्र में एक किसान की हृदयघात से मौत का जिम्मेदार कौन है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले के ग्राम घुमका धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने पहुंचा एक किसान की हृदयघात से मौत हो गई।

सभी पंजीकृत किसानों से होगी धान की खरीदी, वर्कप्लान तैयार

कवर्धा। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए कबीरधाम जिले के पंजीकृत सभी किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो तथा पंजीकृत किसानों से सुचारू, शांतिपूर्ण ढ़ग से धान की खरीदी हो सके इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बेहतर वर्क प्लान तैयार किया गया है और उसी वर्कप्लान के आधार पर धान की खरीदी की जा रही है। इसी वर्क प्लान के तहत अब तक कबीरधाम जिले के 94 धान खरीदी केन्द्रों में सुचारू रूप से धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 35 हजार किसानों से एक सौ 68 करोड़ रूपए के 9 लाख 92 हजार 291 क्विंटल विभिन्न प्रजातियों के धान की खरीदी कर ली गई है, इसमें से 32 हजार ऐसे किसान है।

अवैध खनन करते जेसीबी जब्त

नव प्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। वनांचल क्षेत्र में भू माफिया इन दिनों काफी सक्रिय है। चाहे वह देर रात को अवैध लकड़ी कटाई का हो या अवैध खनन का हो। जानकारी अनुसार कल शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजे सेतवा बीट के कक्ष क्रमांक 10 में कृषक भूमि मालिक संतोष धुर्वे पिता सदाराम धुर्वे निवासी ग्राम खैरानवापारा ने अपने लगानी जमीन के समीप में सरकारी वन भूमि में खोदाई करवा रहा था। क्षेत्र के बीट गार्ड ज्योति रामटेके ने इनकी सूचना अपने अधिकारी को दिए जहां पर वन विभाग के टीम मौके पर पहुँचकर अवैध मिट्टी खनन कार्य करते जे सी बी गाड़ी 3स्त्र× सोल्ड को जप्त कर अपने सुरक्षा मे लिया है। गंडई डिप्टी रेंजर एन एच ठाकुर ने बताया कि जे सी बी को ड्राईवर राकेश कुमार ध्रूव पिता नममु राम ध्रूव निवासी ग्राम चकनार के चला रहा था। गाड़ी मालिक नर्मदा के किसी सिन्हा ठेकेदार की बताई जा रही है।

हुल्लापार्टी के भरोसे वन विभाग, हाथी के हमले हुए तेज

झुंड से बिछड़े हिंसक दंतैलों को मिलाने शुरू हुआ अभियान , गांव से दूर जंगल खदेड़ने की तैयारी

कोरबा । कटघोरा वन मंडल में हाथियों के आतंक से वनांचल थरर्रा गया है और हाथी हिंसक होकर ग्रामीणों को मौत के घाट उतार रहे है। इसके बाद भी हाथियों से ग्रामीणों की सुरक्षा हुल्लापार्टी के भरोसे छोड़ दिया गया है। कहने को तो हाथी को खदेड़ने वन विभाग लाखो खर्च करती है लेकिन यह खर्च सिर्फ कागजो तक सिमित है असल में आज भी ग्रामीण अपने बलबूते पर हाथी से अपनी रक्षा कर रहे है। कटघोरा वन वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र में झुंड से बिछड़े और हिंसक हो चुके दो दंतैलों को मिलाने के लिए बंगाल से पहुंची हुल्ला पार्टी बगनखा जंगल में डाल दिया है। दोनो दंतैल कारीमाटी के जंगल में रह रहे 43 हाथियों के झुंड से अलग विचरण कर रहे हैं। दोनो हिंसक हाथियों को झुंड में शामिल कर दूर जंगल खदेड़ने की तैयारी की जा रही है।इन दिनो पसान वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में

हाथियों का भय व्याप्त है। कच्चे आवास में रहने वालों आसपास के पक्के मकानों में ठहराया जा रहा है। हाथियों ने सप्ताह भर के भीतर दो लोगों की जान ले ली है। इसके अलावा मकान तोड़े जाने लोग बेघर हो गए हैं। पखवाड़े भर के भीतर हाथियों के दल ने 37 घरों को तोड़ दिया है। खेतों में फसल नुकसान करने के अब खलिहानों की ओर रूख करने से ग्रामीणों के लिए खतरा बढ़ गया है। हाथियों के डर ग्रामीण रतजगा करने पर मजबूर हैं। विभागीय अधिकारी की माने तो हुल्ला पार्टी के पहुंचने से ग्रामीणों में स्थिति नियंत्रण होने की आस बंधी है। हाथी दिन में जंगल में छुप जाते हैं और रात होते ही गांव की ओर रूख करते हैं। ऐसे में ग्रामीणों में भय बना हुआ है। हुल्ला पार्टी के सदस्य रात भर बगनखा जंगल में हाथियों को नियंत्रण करने में लगे रहे वहीं स्थानीय वन परिक्षेत्राधिकारी व कर्मचारियों की टीम रात भर डंटी रही।

आवाज से पहचानते हैं हाथियों की गतिविधि

पश्चिम बंगाल से पहुंची टीम के सदस्य हाथियों के चलने के अंदाज और आवाज से उनके गतिविधि का जान जाते हैं। टीम में 18 सदस्य शामिल हैं। दल पहले भी इस जंगल में आज चुके हैं। हाथियों को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार की रात से ही जंगल में डंटे हैं। झुंड में रह रहे हाथी अभी गांव से दूर हैं, जबकि दंतैल बस्ती के निकट ही विचरण कर रहे हैं। माना जा रहा है, दिनों स्थिति सामान्य हो जाएगी।

चोरो ने दुकान के सामने खडी पिकअप को उडाया सीसीटी.वी मे कैद हुई तस्वीर

नव प्रदेश संवाददाता

पत्थलगाँव। यहाँ के अंबिकापुर रोड मे स्थित अंकित ट्रेडर्स नामक दुकान के सामने खडी पिकअप वाहन पर अज्ञात चोरो ने हाथ साफ कर दिया। घटना की खबर सुबह लगते ही वाहन मालिक ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज करायी है,थाना प्रभारी मोहसिन खान ने बताया कि चारो दिशा मे नाकाबंदी कर वाहन पकडने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना था कि सी.सी.टी.वी कैमरे की फूटेज साफनही रहने के कारण चोरो का चेहरा पहचान मे नही आ सका,परंतु नाकेबंदी कर जल्द ही चोर एवं वाहन को पकड लिया जायेगा। दरअसल शहर मे वाहन चोरी की यह कोई पहली घटना नही है,इससे पूर्व भी अनेक खडी वाहन पर अज्ञात चोरो ने हाथ साफकर दिया था,दिन शुक्रवार की

रात अंकित ट्रेडर्स के मालिक ने अपनी वाहन क्रमांक सी.जी.14.डी-0437 को दुकान के सामने खडे किया था,देर रात अज्ञात चोरो ने पूरी पिकअप ही पार कर दी। पिकअप चोरी होने की घटना सी.सी.टी.वी कैमरे मे कैद तो हुयी परंतु चोरो का चेहरा पहचाना नही जा सका,जिसके कारण पुलिस को मामला सुलझाने मे दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। थाना प्रभारी मोहसिन खान ने बताया कि अनेक बार दुकानदारो को हिदायत दी गयी थी कि कैमरा लगाते वक्त एक का मुंह सडक की ओर कर दें,जिससे किसी भी प्रकार की घटना होने पर कैमरे मे घटना एवं आरोपी की तस्वीर कैद हो सके। उन्होने दोबारा दुकानदारो को अपनी दुकानो मे लगाये गये कैमरे मे से एक कैमरे का मुंह सडक की ओर घुमाकर रखने की बात कही है। बरहाल अभी तक पिकअप के चोरो का कुछ पता नही चल सका है,पुलिस छत्तीसगढ के अलावा सीमा से लगे दूसरे राज्यो के चेकपोस्ट मे भी पिकअप का नंबर देकर पतासाजी करने मे जुटी हुयी थी। थाना प्रभारी मोहसिन खान के अनुसार जल्द ही पिकअप एवं वाहन चोर को पकड लिया जायेगा।